● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 189, पृष्ठ : 08, सीधी, बुधवार, 21 अगस्त 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



मराठा आरक्षण का विरोध नहीं : फडणवीस 5

रोहित शर्मा गेम प्लान नहीं भूलते 6

## सिंगरौली की सिंचाई परियोजना हेतु 1,320 करोड़ रु. की प्रशासकीय स्वीकृति



### मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद के निर्णय

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंत्रालय में हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा सिंगरौली जिले की चितरंगी दाबयुक्त सूक्ष्म सिंचाई परियोजना के लिये 1320.14 करोड़ रुपये (सैंच्य क्षेत्र 32,125 हेक्टेयर) की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृत परियोजना से सिंगरौली जिले की चितरंगी तहसील के 132 ग्राम (सैंच्य क्षेत्र 28,192 हेक्टेयर) एवं देवसर तहसील के 10 ग्राम (सैंच्य क्षेत्र 3,933 हेक्टेयर) लाभान्वित होंगे।

मंत्रि-परिषद द्वारा साइबर तहसील परियोजना के लिये पर्याप्त अमला उपलब्ध कराये जाने की स्वीकृति दी गई। पूरे प्रदेश में विस्तार किये जाने के लिए तहसीलदार संवर्ग के जिलों हेतु स्वीकृत 619 पदों में से तहसीलदार के 10 पद, प्रतिनियुक्ति हेतु रक्षित नायब तहसीलदारों के 55 पदों में से 15 पद और 03 सहायक वर्ग-3 श्रेणी के कर्मचारियों को पद सहित प्रमुख राजस्व आयुक्त कार्यालय में साइबर तहसील के लिए अंतरित करने की स्वीकृति दी गई। इसी प्रकार 02 भृत्य को आउटसोर्स से नियुक्त किये जाने की स्वीकृति दी गई।

मंत्रि-परिषद द्वारा मिशन शक्ति अंतर्गत भारत सरकार द्वारा जारी संशोधित निर्देशों के अनुसार महिला सशक्तिकरण केंद्र की प्रदेश के समस्त जिलों में 15 वें वित्त आयोग की अवधि 2025-26 तक संचालित करने की स्वीकृति दी गयी। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए महिलाओं के लिए संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों को अंतर-क्षेत्रीय अभिसरण की सुविधा प्रदान करना एवं ऐसा वातावरण तैयार करना, जिसमे महिलाएं अपनी पूरी क्षमता को समझ कर उसका उपयोग कर सकें।

प्रत्येक जिला हब में जिला मिशन समन्वयक-01, जेंडर स्पेशलिस्ट-02, वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ 01, एकाउंट असिस्टेंट-01, आईटी असिस्टेंट-01 तथा एम.टी.एस-01 के पदों की स्वीकृति दी गई। इस प्रकार प्रदेश के सभी जिला हब को मिलाकर कुल 364 पदों की स्वीकृति दी गयी। स्वीकृत पदों की पूर्ति निधारित प्रक्रिया अनुसार किये जाने हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग को अधिकृत किया गया है।

मंत्रि-परिषद द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1961 की धारा 43-क में शब्द दो वर्ष के स्थान पर तीन वर्ष स्थापित किये जाने हेतु संशोधन के संबंध में मध्यप्रदेश नगर पालिका (द्वितीय संशोधन) अध्यादेश 2024 पर स्वीकृति दी गई।

रीवा हवाई पट्टी को हवाई अड्डे के रूप विकास एवं विस्तार देने के लिए मंत्रि-परिषद् की पूर्व बैठक 26.09.23 एवं 13.12.22 द्वारा भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा चाही गई आवश्यक भूमि का आवंटन और मुआवजा राशि का भुगतान करने का निर्णय लिया गया था। हवाई अड्डे के निर्माण हेतु अधिग्रहित की गई भूमि में सतना जिले की ग्राम केरार एवं पैपखरा, तहसील रामपुर बघेलान की भूमि भी आई थी। आपसी सहमति से भूमि क्रय हेतु 1त्र सर्विस टैक्स सहित कलेक्टर सतना द्वारा 87 लाख 50 हजार रूपये की मुआवजा राशि का आवंटन चाहा गया था, जो उन्हें आवंटित किया जा चुका है। इसका आज मंत्रि-परिषद की बैठक में अनुसमर्थन किया गया। मंत्रि-परिषद द्वारा मध्यप्रदेश उच्च न्यायिक सेवा (भर्ती तथा सेवा की शर्तें) नियम, 2017 के क्रमश: नियम-2, नियम-3, नियम-4, नियम-9 एवं नियम-11 तथा अनुसूची-एक को प्रतिस्थापित किए जाने के संबंध में मुख्यमंत्री के आदेश दिनांक 13 अगस्त, 2024 एवं इसके परिपालन में विभाग द्वारा जारी अधिसूचना का अनुसमर्थ किया गया।

## भारत के यूपीआई और मलयेशियाई पेनेट को जोड़ने पर काम करेंगे : मोदी



**नई दिल्ली।** नई दिल्ली स्थित हैदराबाद हाउस में मलयेशिया के प्रधानमंत्री दातो सेरी अनवर बिन इब्राहिम के साथ द्विपक्षीय मुलाकात के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज हमने फैसला किया है कि हम हमारी साझेदारी को व्यापक और रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाएंगे। प्रधानमंत्री बनने के बाद अनवर इब्राहिम जी का ये पहला भारत दौरा है। मुझे खुशी है कि मेरे तीसरे कार्यकाल की शुरुआत में ही मुझे भारत में आपका स्वागत करने का अवसर मिल रहा है। भारत और मलयेशिया के बीच बढ़ी हुई रणनीतिक साझेदारी का एक दशक पूरा हो रहा है और पिछले दो वर्षों में, प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के सहयोग से हमारी साझेदारी में एक नई गति और ऊर्जा आई है। आज हमने आपसी सहयोग के सभी क्षेत्रों पर व्यापक रूप से चर्चा की है और हमने देखा कि हमारे द्विपक्षीय व्यापार में निरंतर प्रगति हो रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, द्विपक्षीय व्यापार और निवेश का विस्तार किया जाना चाहिए। हमें फिनटेक, सेमीकंडक्टर, एआई और क्वांटम जैसे नई प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में अपना सहयोग बढ़ाना चाहिए। हम भारत के यूपीआई और मलयेशियाई पेनेट को जोड़ने पर काम करेंगे। एशियन और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में मलयेशिया, भारत का अहम पार्टनर है। भारत एशियन केन्द्रीयता को प्राथमिकता देता है। हम सहमत हैं कि भारत और एशियन के बीच एफटीए की समीक्षा को समयबद्ध तरीके से पूरा करना चाहिए।

वहीं मलयेशिया के प्रधानमंत्री दातो सेरी अनवर बिन इब्राहिम ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मेरे भाई हैं। जब मैं प्रधानमंत्री नहीं था तब भी वह बहुत दयालु थे। हम व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और बढ़ाने पर सहमत हुए हैं।

## एमपी में लगातार 19 दिन चला रक्षाबंधन-श्रावण उत्सव

**भोपाल।** इस वर्ष मध्यप्रदेश में पहली बार श्रावण मास में आने वाले सभी तीज-त्यौहार उत्साहपूर्वक मनाये गये। रक्षा रक्षाबंधन पर्व पूरे सावन मास चलता रहा। रक्षाबंधन के पर्व के आयोजनों से प्रदेश का वातावरण आध्यात्मिक रंग में रंग गया। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के आव्हान पर एक अगस्त से प्रदेश में रक्षाबंधन-श्रावण उत्सव की श्रृंखला शुरू हुई जो 19 अगस्त रक्षाबंधन के दिन तक जारी रही। मंत्री, सांसद और जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्रों में पहुँचे और बहनों से राखी बंधवाईं। मुख्यमंत्री डॉ.यादव स्वयं भी विभिन्न जिलों में आयोजित 23 कार्यक्रमों में शामिल हुए। प्रदेश में पहली बार ऐसा हुआ कि मुख्यमंत्री के साथ मंत्री-मंडल के सदस्यों ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर रक्षाबंधन पर्व मनाया। लगातार 19 दिन तक सावन के गीतों से वातावरण गूंजता रहा।

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने रक्षाबंधन श्रावण उत्सव की शुरूआत एक अगस्त को भगवान श्रीराम के नाम से जानी जाने वाली नगरी चित्रकूट और सिंगरौली जिले के चितरंगी से की। रक्षाबंधन के पहले उत्सव में मुख्यमंत्री ने यह घोषणा की थी कि प्रदेश की एक करोड़ 29 लाख लाड़ली बहनों को अगस्त माह में 1250 रूपये के अतिरिक्त रक्षाबंधन के शगुन के रूप में 250 रूपये और दिये जायेंगे। मुख्यमंत्री डॉ.यादव की यह घोषणा 10 अगस्त को श्योपुर जिले के विजयपुर में आयोजित समारोह में पूरी की गई। मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक के माध्यम से सभी पात्र लाड़ली बहनों के खातों में एक साथ 1500-1500 रूपये अंतरित किये। चित्रकूट में आयोजित बहनों के सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा था कि हमारे देश के त्यौहार और पर्व एक-दूसरे को आपस में जोड़ते है। पूरी दुनिया भारत के पर्व को देखकर दंग रहती है।

## ओबीसी आरक्षण मामले में सुप्रीम कोर्ट में 27 अगस्त को सुनवाई

**नई दिल्ली।** बंगाल सरकार ने मंगलवार (20 अगस्त) को ओबीसी सर्टिफिकेट रद्द मामले में सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की। इससे पहले 22 मई को कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल में 2010 के बाद कई जातियों को मिले ओबीसी स्टेटस को रद्द कर दिया। साथ ही सार्वजनिक क्षेत्र की नौकरियों और राज्य द्वारा के एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में मिलने वाले आरक्षण को अवैध ठहराया था। अब पश्चिम बंगाल सरकार ने हाईकोर्ट के इसी फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है।

## एमपी से राज्यसभा के लिए बीजेपी ने जॉर्ज कुरियन को चुना उम्मीदवार



**भोपाल।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के लोकसभा जाने से उनकी राज्यसभा सीट खाली हो गई है। इसके लिए तीन सितंबर को मतदान होगा। नामांकन का अंतिम दिन बुधवार यानी 21 अगस्त है। भाजपा की ओर से केंद्रीय मंत्री जॉर्ज कुरियन का नाम तय हो गया है। इसकी औपचारिक घोषणा भी कर दी गई है। यदि कांग्रेस ने उम्मीदवार नहीं उतारा तो कुरियन के राज्यसभा जाने में कोई अड़चन नहीं रह जाएगी।

भाजपा सूत्रों के मुताबिक, कुरियन को यदि किसी कारण से मध्यप्रदेश से नहीं भेजा गया तो पंजाब से केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को भी राज्यसभा भेजा जा सकता है। इस सीट पर पूर्व सांसद केपी यादव का नाम भी लिया जा रहा था, जिन्हें पार्टी ने गुना-शिवपुरी सीट से टिकट न देकर कांग्रेस से आए सिंधिया को दिया था। 2019 में यादव ने ही सिंधिया को शिकस्त दी थी। पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा, जयभान सिंह पवैया के साथ ही कुछ अन्य नामों पर भी चर्चा चल रही थी। पार्टी सूत्रों का दावा है कि बाहरी उम्मीदवार का जाना लगभग तय है। 21 अगस्त तक नामांकन होगा। इसके बाद जरूरत पड़ने पर तीन सितंबर को मतदान और मतगणना होगी।

## यूपी के प्रयागराज में गंगा-यमुना उफान पर

**नई दिल्ली।** देश में कहीं तेज तो कहीं रुक-रुककर बारिश का दौर जारी है। हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश के बाद 107 सड़कें बंद हो गई हैं। चंबा में लैंडस्लाइड के मलबे में दबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। शिमला मौसम विभाग ने राज्य के अलग-अलग हिस्सों में बुधवार तक भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में गंगा-यमुना उफान पर हैं। संगम घाट डूब गया है। मौसम विभाग ने बताया कि अगले 4 दिन (23 अगस्त) तक ऐसा ही मौसम रहेगा।

## एक और रेप का इंतजार नहीं कर सकते : सुको

**कोलकाता।** कोलकाता रेप-मर्डर मामले में सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने सुनवाई की। सीजेआई ने कहा- व्यवस्था में सुधार के लिए हम और एक रेप का इंतजार नहीं कर सकते। डॉक्टर्स की सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए टास्क फोर्स बना रहे हैं, इसमें 9 डॉक्टर्स को शामिल किया गया है, जो मेडिकल प्रोफेशनल्स की सुरक्षा, वर्किंग कंडीशन और उनकी बेहतरी के उपायों की सिफारिश करेगी। टास्क फोर्स में केंद्र सरकार के पांच अधिकारी भी शामिल किए गए हैं।

कोर्ट ने राज्य सरकार के वकील से पूछा कि, घटना के बाद प्रिंसिपल ने इसे सुसाइड क्यों बताया। सीबीआई से 22 अगस्त तक स्टेटस रिपोर्ट और राज्य सरकार से घटना की रिपोर्ट मांगी है। आरजी कर अस्पताल की सुरक्षा का जिम्मा सीआईएसएफ को दिया गया। केस की अगली सुनवाई 22 अगस्त को होगी। उधर सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद दिल्ली के राम मनोहर लोहिया हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने हड़ताल खत्म कर दी।

## व्हाट्सएप, ई-मेल और टेक्स्ट मैसेज से भेजे जाएंगे वारंट



**भोपाल।** मध्यप्रदेश में न्यायिक प्रक्रिया को और अधिक सुगम और प्रभावी बनाने के लिए एक नया नियम लागू किया गया है। इस नियम के तहत अब समन और वारंट ऑनलाइन माध्यमों जैसे व्हाट्सएप, ई-मेल, और टेक्स्ट मैसेज के जरिए भेजे जाएंगे और उन्हें तामील माना जाएगा। इस नई पहल के साथ मध्यप्रदेश ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। इसको लेकर गृह विभाग ने नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। बता दें मध्यप्रदेश सरकार ने नए कानून के लिए डेढ़ महीने में यह नियम तैयार किया है, जिसके अनुसार अब कोर्ट से सीधे समन और वारंट जारी किए जा सकेंगे। ई-मेल के जरिए भेजे गए समन और वारंट की तामील तब मानी जाएगी, जब ई-मेल बाउंस बैक नहीं होता। इसका मतलब है कि अगर ई-मेल डिलीवर हो जाता है, तो समन या वारंट तामील माना जाएगा। हालांकि, यह नया नियम उन लोगों पर लागू नहीं होगा जो ई-मेल, फोन नंबर, या मैसेजिंग एप्लिकेशन का उपयोग नहीं करते हैं। ऐसे मामलों में पारंपरिक तरीका अपनाया जाएगा और संबंधित थाने का स्टाफ समन या वारंट की तामील करवाएगा। गृह विभाग ने इस नए नियम को लागू करने के लिए गजट नोटिफिकेशन जारी किया है। इस कदम से न्यायिक प्रक्रिया में तेजी आने की उम्मीद है और डिजिटल युग में न्याय व्यवस्था को और सशक्त बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस नए नियम के लागू होने से न्यायिक प्रक्रियाओं में समय और संसाधनों की बचत होगी, साथ ही अदालती आदेशों की तामील अधिक प्रभावी ढंग से की जा सकेगी।

## सीरम इंस्टिट्यूट मंकीपॉक्स वैक्सीन बनाएगा

**नई दिल्ली।** कोरोना वैक्सीन कोविशील्ड बनाने वाली कंपनी सीरम इंस्टिट्यूट ने मंकीपॉक्स वैक्सीन बनाने का ऐलान किया है। कंपनी के सीईओ अदार पूनावाला ने बताया- एमपीओएण्ड के ग्लोबल हेल्थ इमरजेंसी घोषित होने के बाद लाखों लोगों की मदद करने के लिए हम एक वैक्सीन विकसित कर रहे हैं। उम्मीद है कि एक साल के अंदर हम इसे बना लेंगे।

केंद्र सरकार ने 19 अगस्त को एमपीओएण्ड के बढ़ते मामलों के बीच देश के सभी पोर्ट और एयरपोर्ट के साथ पाकिस्तान और बांग्लादेश बॉर्डर पर अलर्ट जारी किया था। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने अधिकारियों को बाहर से आने वाले यात्रियों में मंकीपॉक्स के लक्षणों को लेकर सतर्क रहने के लिए कहा है। फिलहाल भारत में अभी मंकीपॉक्स से कोई संक्रमित नहीं है। आखिरी मामला मार्च 2024 में सामने आया था। स्वास्थ्य मंत्रालय ने 19 अगस्त को दिल्ली में केंद्र के तीन बड़े अस्पतालों- राम मनोहर लोहिया, सफदरजंग और लेडी हार्डिंग में नोडल सेंटर्स बनाए हैं। इन अस्पतालों में मंकीपॉक्स के मरीजों के इलाज और देखभाल के लिए आइसोलेशन वार्ड बनाए गए हैं। केंद्र ने सभी राज्य सरकारों को उनके राज्य के अस्पतालों में मंकीपॉक्स के मरीजों के लिए जरूरी व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए।

## खड़गे और राहुल जम्मू-कश्मीर जाएंगे

**श्रीनगर।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी दो दिन के दौरे पर बुधवार को जम्मू-कश्मीर जाएंगे। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद दोनों नेताओं का यह पहला दौरा है। पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा- दोनों नेता 21 अगस्त को दोपहर में जम्मू और 22 अगस्त को श्रीनगर में रहेंगे। वे नेताओं से चुनावी तैयारियों पर बातचीत करेंगे। शाम को प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक, लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को मिली सफलता को देखते हुए राहुल विधानसभा चुनाव में भी सभी भाजपा विरोधी पार्टियों को एकजुट रखना चाहते हैं। वह विधानसभा चुनाव में भी गठबंधन की रणनीति पर बात करेंगे। उधर, पीडीपी के मुख्य प्रवक्ता सुशील बुखारी ने अपनी पार्टी से इस्तीफा दे दिया।

## यूपीएससी में लेटरल एंट्री का आदेश 3 दिन में वापस

**नई दिल्ली।** यूपीएससी ने लेटरल एंट्री से होने वाली नियुक्ति का प्रस्ताव रद्द कर दिया है। यूपीएससी ने 17 अगस्त को लेटरल एंट्री के जरिए 45 पोस्ट के लिए वैकेंसी निकाली थी। केंद्रीय कार्मिक मंत्री जितेंद्र सिंह ने मंगलवार 20 अगस्त को यूपीएससी चेयरमैन से नोटिफिकेशन रद्द करने को कहा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के कहने पर यह फैसला लिया गया है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा था कि लेटरल एंट्री में आरक्षण का प्रावधान नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया था- लेटरल एंट्री के जरिए एससी-एसटी और ओबीसी का हक छीना जा रहा है। मोदी सरकार आरएसएस वालों की लोकसेवकों में भर्ती कर रही है। राहुल के आरोप के जवाब में कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि 1976 में पूर्व पीएम मनमोहन सिंह को लेटरल एंट्री के जरिए ही फाइनेंस सेक्रेटरी बनाया गया था। इसी तरह मोंटेक सिंह अहलूवालिया को योजना आयोग का उपाध्यक्ष और सोनिया गांधी को नेशनल एडवाइजरी काउंसिल चीफ बनाया गया। मेघवाल ने कहा कि लेटरल एंट्री की शुरुआत की कांग्रेस ने थी। अब पीएम मोदी ने यूपीएससी को नियम बनाने का अधिकार देकर सिस्टम को व्यवस्थित किया है। पहले की सरकारों में लेटरल एंट्री का कोई फॉर्मल सिस्टम नहीं था। राहुला गांधी ने मंगलवार को सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि लेटरल एंट्री जैसी साजिशों का विरोध किया जाएगा।

## प्रयागराज महाकुंभ की तैयारियों में जुटा रेलवे



**प्रयागराज।** भारतीय रेलवे प्रयागराज महाकुंभ 2025 की तैयारियों में जुट गया है। इसी को देखते हुए रेलवे उत्तर प्रदेश के लिए 900 स्पेशल ट्रेन चलाने की योजना बना रहा है। इस संदर्भ में रेलवे बोर्ड की चेयरमैन और सीईओ जया वर्मा सिन्हा ने बड़ी जानकारी साझा की है। जय वर्मा का कहना है कि, स्पेशल ट्रेन चलाने के साथ ही प्रयागराज जिले के आसपास के 9 स्टेशनों के इंफ्रास्ट्रक्चर फोकस किया जा रहा है।

रेलवे बोर्ड की चेयरमैन और सीईओ जया वर्मा सिन्हा ने कहा कि, जनवरी 2025 में आयोजित होने वाले महाकुंभ के लिए रेलवे पूरी तरह से तैयार है। 2019 में आयोजित हुए कुंभ मेले में जहां 530 स्पेशल ट्रेनें रेलवे की ओर से चलाई गई थी। वहीं वर्ष 2025 के महाकुंभ में रेलवे ने 900 स्पेशल ट्रेन चलाने की तैयारी की है। महाकुंभ में नियमित रूप से रेलवे की ओर से पेट्रोलिंग की जाएगी। इसके साथ-साथ जो विभिन्न सुरक्षा एजेंसियां हैं वह भी अलर्ट मोड में रहेगी, ताकि रेलवे ट्रैक को लेकर होने वाले हादसों को रोका जा सके।

महाकुंभ में 30 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु के आने की उम्मीद

दरअसल, महाकुंभ में 30 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु के आने की उम्मीद है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं में 10 से 15 प्रतिशत श्रद्धालु रेलवे से सफर करते हैं। इसके लिए प्रयागराज और आस-पास के स्टेशनों पर इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया जा रहा है। अंडरपास और ओवर ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। प्रयागराज जंक्शन स्टेशन अमृत भारत स्टेशन में शामिल किया गया है। इस स्टेशन का पुनर्निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है।

रेलवे बोर्ड की चेयरमैन जया वर्मा सिन्हा ने कहा है कि, ट्रैक की मॉनिटरिंग के लिए लोकोमोटिव और यार्ड में भी कैमरे लगाए जा रहे हैं। इन सभी कैमरे को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से भी जोड़ा जाएगा। यात्रियों की सुरक्षा और संरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है। इसलिए कोच में भी कैमरे लगाए जा रहे हैं। रेलवे में कवच योजना भी पूरी तरह से लागू की जा रही है।

प्रयागराज महाकुंभ को लेकर रेलवे ने राज्य सरकार के साथ ही केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों से समन्वय स्थापित किया है। यात्रियों के सुरक्षित निकालने के लिए मूवमेंट प्लान भी तैयार कर लिया है। रेलवे महाकुंभ के आयोजन को सुगम और सुरक्षित ढंग संपन्न करने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर को भी बढ़ावा दे रहा है। उत्तर रेलवे का जंघई से फाफामऊ दोहरीकरण का कार्य और वाराणसी से प्रयागराज एनईआर का दोहरीकरण का कार्य महाकुंभ से पहले पूरा कर लिया जाएगा।

हाल में ही कानपुर के गोविंदपुरी रेलवे स्टेशन पर हुए साबरमती एक्सप्रेस हादसे पर रेलवे बोर्ड की चेयरमैन ने कहा कि, इस मामले में रेलवे की ओर से एफआईआर दर्ज कराई गई है। मामले की जांच अभी चल रही है इसलिए कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी की साबरमती ट्रेन डिरेलमेंट में कोई साजिश थी या फिर यह कोई हादसा था।

# राजीव ने भारत को आधुनिक बनाने आर्थिक विकास को दिया बढ़ावा : अरविंद

## कांग्रेस कमेटी शहर ने मनाई स्व. राजीव गांधी की जयंती



सिंगरौली

जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली शहर अध्यक्ष अरविंद सिंह चंदेल के नेतृत्व में संचार क्रांति के जनक पंचायती राज के प्रेरणाश्रोत नए स्वर्णिम भारत के निर्माता, भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती माजन मोड़ स्थित राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए मनाई गई। उक्त अवसर पर उपस्थित समस्त पदाधिकारियों द्वारा स्वर्गीय राजीव गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया।

उक्त अवसर पर अरविंद सिंह चंदेल द्वारा संचार क्रांति के जनक पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि पूरा देश उन्हें याद कर रहा है। राजीव गांधी का जन्म 20 अगस्त 1944 में हुआ था स 1991 में एक चुनावी रैली में बम धमाके में हुई उनकी हत्या ने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया था। उनकी हत्या श्रीलंका में स्थित एक सशस्त्र तमिल अलगाववादी संगठन लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम ने की थी। तत्कालीन प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद पदभार संभाला। 40 वर्ष की आयु में सबसे कम उम्र के भारतीय प्रधान मंत्री बने। अपने कार्यकाल के दौरान गांधी ने भारत को आधुनिक बनाने और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई पहल और नीतियां पेश कीं। उन्होंने भारत को तकनीकी रूप से उन्नत राष्ट्र में बदलने के लिए विज़न 2020 कार्यक्रम शुरू करते हुए प्रौद्योगिकी, कम्प्यूटरीकरण और दूरसंचार पर जोर दिया। युवा सोच वाले राजीव गांधी को 21 वीं सदी के भारत का निर्माता भी कहा जाता है। आज हम सभी उनके देश हित के लिए किए गए कार्य उनके कुर्बानियों को याद करते हुए जयंती मना रहे है।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

वरिष्ठ कांग्रेसी राम अशोक शर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मधु शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रविंद्र द्विवेदी, के डी सिंह, मनोज दुबे, रविकांत सोनी, कृष्ण प्रसाद शाह, केपी सिंह, पार्षद दल नेता प्रतिपक्ष बंतो कौर, ललित सिंह, राम लल्लू कुशवाहा, देवपति सिंह बैंस, सुषमा वर्मा, संध्या सिंह, हरिकमल बैंस, विजय वर्मा, शाहिद खान, रिंकू, त्रिवेणी प्रसाद शाह, उग्रसेन शर्मा, प्रेम सागर मिश्रा सहित सैकड़ों पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

# सरई क्षेत्र में धूम धाम से मना रक्षाबंधन



**सिंगरौली।** जिले के सरई क्षेत्र में रक्षाबंधन का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस खास अवसर पर पूरे उल्लास और खुशी का वातावरण छा गया। रक्षाबंधन की सुबह सरई की गलियों में चहल-पहल थी, महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में सजीवता के साथ अपने घरों की सजावट की जबकि बच्चों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक इस पर्व की तैयारी में भाग लिया। रक्षाबंधन के दिन बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधती हैं और भाइयों से उनकी लंबी उम्र और समृद्धि की कामना करती हैं। इस पर्व के दौरान परिवारों ने एकत्र होकर पूजा की। जिसमें राखी, मिठाइयाँ और अन्य पूजा सामग्री प्रमुख थीं। पूजा स्थल पर भाई-बहन का पावन रिश्ता और भी मजबूत हो जाता है और यह उत्सव परिवारिक एकता को प्रकट करता है। रक्षाबंधन के इस पर्व ने सरई क्षेत्र के लोगों के बीच एकता और भाईचारे की भावना को प्रकट किया।

# दहजुड़ में रक्षाबंधन के दिन पहाड़ के किनारे लगा भव्य मेला, मना कजलियां का त्यौहार

## पहाड़ के ऊपर भोलेनाथ का दर्शन करने पहुंचे लोग

**सिंगरौली।** जिले के नगर परिषद सरई के वार्ड नं. 15 अंतगर्त दहजुड़ में रक्षाबंधन के दिन विशेष पर्व कजलियां का आयोजन भव्य रूप से हुआ। इस अवसर पर पहाड़ के किनारे एक विशाल मेला लगा था जो पूरे क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर और धार्मिक मान्यताओं का प्रतीक था। स्थानीय पार्षद ने बताया कि यहां पर मेला कई सालों से लग रहा है। यह परंपरा वर्षों पुरानी है, रक्षाबंधन के दिन जब आसमान पर रेशमी बादल और सूरज की किरणें नृत्य कर रही थीं। दहजुड़ के पहाड़ों पर हर्षोल्लास का माहौल छा गया। मेले के देशी अंदाज मे चारों ओर सजावट दिखाई दे रहे थे। स्थानीय लोगों ने पारंपरिक वस्त्र पहनकर और हाथ में पूजा सामग्री लिए हुए उत्सव की तैयारियों में जुटे हुए थे। कजलियां के पर्व पर भक्तों की भीड़ ने पहाड़ की चोटी पर स्थित शंकर जी और देवी जी के मंदिर की ओर रुख किया। यहाँ पहुंचकर लोग आस्था और श्रद्धा के साथ पूजा-अर्चना में लीन हो गए। शंकर जी और देवी जी के दर्शन की प्रतीक्षा में भक्तों ने अपनी मनोकामनाएँ प्रस्तुत की और मंदिर परिसर में उमड़ा



जनसैलाब इस धार्मिक महापर्व की गरिमा को बढ़ा रहा था। मेला क्षेत्र में लोक कला, सांस्कृतिक कार्यक्रम और पारंपरिक खेलों का आयोजन किया गया। यहाँ विभिन्न प्रकार की स्टॉल्स और खाद्य पदार्थ भी प्रदर्शित किए गए थे। जिनमें स्थानीय पकवान और मिठाइयाँ प्रमुख थीं। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने इस मेले का आनंद लिया और पर्व की खुशी में शामिल हुए। इस भव्य मेले और पर्व की समृद्धि ने दहजुड़ के सांस्कृतिक और धार्मिक जीवन को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाया। पर्व ने न केवल आस्था और विश्वास को मजबूती दी, बल्कि समुदाय के बीच एकता और मिलनसारिता को भी प्रकट किया। कजलियां का त्यौहार दहजुड़ के निवासियों के लिए एक यादगार अनुभव रहा, जो उनकी सांस्कृतिक पहचान और धार्मिक परंपराओं को जीवित रखने में सहायक रहा। इस दौरान हजारों की संख्या लोग पंहुचे हुए थे। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस उपस्थित दिखी।

# मारपीट के मामले में लंबे समय से फरार वारंटी गिरफ्तार




**सिंगरौली।** मारपीट के मामले में लंबे समय से फरार चल रहा स्थायी वारंटी को मोरवा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर फरार आरोपियों, स्थाई वारंटी अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मोरवा थाना प्रभारी कपूर त्रिपाठी ने कार्यवाही को अंजाम दिया है। जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी मोरवा को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की स्थाई वारंटी सुमारू सिंह पिता रामरतन सिंह निवासी घोष आज अपने घर घोस आया हुआ है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्ग दर्शन एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मोरवा की सतत निगरानी में एक टीम रवाना कर स्थाई वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है। जहां न्यायालय से उसे जेल भेज दिया गया। उक्त कार्यवाही में उनि आरपी सिंह, प्रआर पटरंग सिंह, संजय परिहार, अर्जुन सिंह, आर. राहुल साहू, सौरभ सिंह, सुरेश परस्ते की भूमिका रही।

# पिछड़ा वर्ग कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री की धूमधाम से मनाई जयंती

**सिंगरौली।** जिला कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग जिला सिंगरौली के अध्यक्ष सुदामा प्रसाद कुशवाहा के नेतृत्व में राजीव चौक माजन मोड़ में स्थित राजीव गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर धूमधाम से जयंती मनाई। तत्पश्चात सर्किट हाउस माजन मोड़ में संगोष्ठी की, जिसमें उपस्थित पूर्व प्रदेश सचिव भास्कर मिश्रा के द्वारा कंप्यूटर के जनक राजीव गांधी के ऊपर प्रकाश डाला गया। उक्त अवसर पर पूर्व महापौर श्रीमती रेनू शाह के द्वारा कहा गया कि दूरसंचार क्षेत्र को उदार बनाने और आम जनता के लिए टेलीफोन सुलभ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका



निभाई। कार्यक्रम के अगली कड़ी में प्रदेश उपाध्यक्ष रामशिरोमणि शाहवाल ने कहा कि राजीव गांधी ने जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय साक्षरता मिशन की शुरुआत की। जिसका उद्देश्य निरक्षरता को मिटाना और वंचित वर्गों के बीच शिक्षा को बढ़ावा देना था। इसी कड़ी में प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज शाह ने कहा कि राजीव गांधी भ्रष्टाचार से निपटने के लिए विशेष कदम उठाए, जिसमें लोकपाल विधेयक पेश करना और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम को मजबूत करना शामिल है। जिला अध्यक्ष सुदामा प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि राजीव गांधी युवाओं को सशक्त बनाने और राजनीति में उनकी भागीदारी को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए जाने जाते हैं। उक्त अवसर पर प्रदेश कोऑर्डिनेटर लखनलाल साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक शाह, संगठन मंत्री अधिवक्ता उसैद हसन सिद्दीकी, युवक कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष सूर्या द्विवेदी, पार्षद रामगोपाल पाल, अनिल वैश्य सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित

**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है। जहां पुलिस अधीक्षक द्वारा जनसुनवाई में पहुंचे प्रत्येक आवेदको से रुबरू होकर उनकी समस्याओं को तत्काल निराकरण किया जाता है। इसी तारतम्य में आज मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित हुई। जहां पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता ने आवेदको से रुबरु होकर उनकी समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना और निराकरण कराया गया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक पीएस परस्ते एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। जानकारी के अनुसार जनसुनवाई में विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए आवेदको के द्वारा आवेदन पत्र पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिसे प्रत्येक आवेदकों से रूबरू होकर उनकी शिकायतो को सुनकर कई शिकायतो का मौके में निराकरण कराया गया तथा शेष आवेदन पत्र में वैधानिक कार्यवाही हेतु राजपत्रित अधिकारी पुलिस, थाना प्रभारियों व चौकी प्रभारियो को निर्देशित किया गया।

# घर से डैम में नहाने गई दो मासूम बहनों की डूबने से मौत

## मोरवा थाना क्षेत्र के झिंगुरदह बस्ती की घटना

**सिंगरौली।** मोरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत मंगलवार की दोपहर झिंगुरदह बस्ती में निवासरत दो मासूम बच्चियां घर से 100 मीटर दूर स्थित स्टॉप डैम में नहाने गई थी। जहां डैम में पानी ज्यादा होने की वजह से नहाने के दौरान डूब गई। जहां दोनो मासूम बच्चियों की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे बस्ती में मातम पसरा गया।

जानकारी के अनुसार विजय सिंह गोड़ निवासी झिंगुरदह बस्ती की 7 वर्षीय पुत्री



ईशा सिंह अपनी 3 वर्षीय छोटी बहन आकांक्षा सिंह के साथ दोपहर 1 बजे घर से करीब 100 मीटर दूर स्टॉप डैम में नहाने गई थी। जहां बरसात के कारण 7 फीट तक पानी बढ़ा हुआ था, जिस कारण दोनों मासूम की डूब कर मौत हो गई। इस घटना की जानकारी कुछ घंटे बाद उसकी मां को लगी, जब वह उन्हें ढूंढते हुए स्टॉप डैम के करीब पहुंची, तो बच्चों के कपड़ों को डैम के नजदीक पाया। कुछ समय तक तलाश करने पर मां को बच्चों का शव डैम में दिखा। इसके बाद वहां चीज पुकार मच गई। परिजनों ने किसी तरह दोनों को बचाने के उद्देश्य से बाहर निकाला पर पर तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। इधर घटना की सूचना मिलते ही मोरवा निरीक्षक कपूर त्रिपाठी द्वारा गठित टीम भी मौके पर पहुंचकर शवों का पंचनामा तैयार कर कार्यवाही में जुट गई। बताया जाता है कि विजय सिंह गोड़ की कुल तीन बेटियां थी, अब दो बेटियों की मौत से परिवार सदमे में है।

# कलेक्टर ने 103 आवेदन पत्रो पर की जनसुनवाई

**सिंगरौली।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जन सुनवाई में जिले के विभिन्न अंचलो से आएं हुये 103 व्यक्तियों के द्वारा अपनी समस्याओं से कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला को अवगत कराते हुये अपना आवेदन पत्र दिया गया। जन सुनवाई कर रहे कलेक्टर के द्वारा सभी आवेदन पत्रो पर गंभीरता पूर्वक विचार करते हुये कई आवेदनो का निराकरण जन सुनवाई में उपस्थित अधिकारियो से कराया गया। साथ ही ऐसे आवेदन पत्र जिनका निराकरण जन सुनवाई के दौरान नही कराया जा सका संबंधित विभागीय अधिकारियो की ओर भेजते हुये निर्देश दिया गया कि समय सीमा में आवेदन पत्रो का निराकरण सुनिश्चित किया जाये। कलेक्टर ने निर्देश देते हुये कहा कि विभागीय अधिकारी जन सुनवाई मे प्राप्त आवेदन पत्रो का तत्परता से निराकरण कराया जाना सुनिश्चित करे ताकि संबंधित आवेदनकर्ता के समस्याओं का त्वरित निदान सुनिश्चित हो सके। जन सुनवाई के दौरान संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।




# बहती बोलेरो से लोगो की जाने बचाने पर चालक को किया गया सम्मानित




**सिंगरौली।** विगत दिनो दुधिचुआं परियोजना में भारी बारिश होने के चलते माइंस में बाढ़ की स्थिति निर्मित हो गई थी। जहां माइंस में चल रही एक बोलेरो वाहन उस बाढ़ की चपेट में आ गई और बह गई थी। लेकिन बोलेरो चालक ने साहस दिखाते हुए बोलेरो में बैठे अधिकारियों को बचाते हुए स्वंय की जान बचाई। बताया गया कि बोलेरो चालक खतरे का सामना करने हुए साहस का काम किया, जिसके चलते बोलेरो चालक को सम्मानित किया गया। एनसीएल दुधीचुआ परियोजना में सिविल डिपार्टमेंट के अंतर्गत कार्य कर रही कंपनी विकाश एसोसिएट के पोकलेन एक्सकेवेटर के ऑपरेटर सूरज यादव द्वारा खदान में भारी बारिश के कारण आए बाढ़ में बहती बोलेरो गाड़ी से कई जानें बचाने के लिए बहादुरी पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इसके लिए सूरज यादव को हार्दिक बधाई एवं बहुत बहुत धन्यवाद के पात्र है। सम्मान समारोह के दौरान दुधिचुआं परियोजना के जीएम विनोद कुमार सिंह, परियोजना अधिकारी पीके त्रिपाठी, स्टाफ ऑफिसर सिविल वीके कौशिक, प्रोजेक्ट इंजीनियर सिविल विशाल बाबू, ओवरसियर सिविल अभिषेक सिंह, योगेन्द्र मीना उपस्थित रहे।

# ढेका गाँव में आत्महत्या के उदेश्य से युवक ने फाँसी लगाने का किया प्रयास

**सिंगरौली।** थाना माड़ा के अंतर्गत ढेका गाँव में एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-100 भोपाल में बीते 18 अगस्त को रात्रि 10:37 बजे प्राप्त हुई । सूचना प्राप्ति पर तत्काल सिंगरौली जिले के थाना माडा क्षेत्र में तैनात डायल-100 वाहन को तत्काल मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ आरक्षक अखिल साहू पायलेट राम चरण पनिका ने घटना स्थल पर पहुँचकर बताया कि अज्ञातकारणो से आत्महत्या के उदेश्य से युवक ने फांसी लगाने का प्रयास किया था, जिसे परिजन ने फंदे से नीचे उतार लिया था। डायल-112/100 सेवा द्वारा तत्काल युवक को शासकीय अस्पताल खुटार पहुँचाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार उपरांत युवक को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

## अदाणी फाउंडेशन ने आयोजित किया जागरूकता कार्यक्रम

# स्कूली छात्र-छात्राओं और स्थानीय युवाओं ने ली नशामुक्ति की शपथ

सिंगरौली

जिले में अदाणी फाउंडेशन के द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत स्थानीय लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके तहत देवसर तहसील अंतर्गत धिरौली गांव स्थित शासकीय मध्य विद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जबकि शासकीय मध्य विद्यालय बासी बेरदहा में निबंध एवं रंगोली प्रतियोगिता के जरिये बच्चों को जागरूक किया गया। धिरौली परियोजना के फाटपानी गांव में खेल प्रतियोगिता का आयोजन कर स्थानीय युवाओं एवं खिलाड़ियों ने नशा मुक्ति का संकल्प लिया। वहीं महान







एनर्जेन लिमिटेड बंधौरा परियोजना क्षेत्र के करसुआराजा पंचायत में स्थानीय विद्यालयों के छात्रों ने जागरूकता रैली निकाली और नशा मुक्ति पर प्रभावी नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। अदाणी फाउंडेशन द्वारा इन कार्यक्रमों के जरिये विकसित भारत का मंत्र भारत हो नशे से स्वतंत्र के सन्देश को जन-जन तक पहुंचाना है। स्थानीय विद्यालयों के शिक्षकों ने अदाणी फाउंडेशन के नशा मुक्ति के इन प्रयासों की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजन से जहां छोटे-छोटे बच्चे नशे के चंगुल में नहीं फंसेंगे। वहीं, खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से नवयुवक ग्रामीणों को नशा मुक्त भारत के प्रति जागरूक करने में मदद मिलेगी। करसुआराजा के सरपंच प्रतिनिधि अजित पांडेय ने अदाणी फाउंडेशन का धन्यवाद करते हुए कहा इस तरह के आयोजन ग्रामीण समुदाय के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इस कार्यक्रम ने क्षेत्र में एक सकारात्मक संदेश फैलाया और स्थानीय लोगों को नशा मुक्ति के लिए प्रेरित किया।

## संपादकीय

### प्रभारी मंत्री : नए समीकरण

मप्र में भाजपा की मोहन यादव सरकार बनने के नौ माह बाद और स्वतंत्रता दिवस के दो दिन पूर्व प्रदेश के 55 जिलों में प्रभारी मंत्रियों की नियुक्ति को भाजपा के भीतरी राजनीतिक समीकरण की रोशनी में देखा जा रहा है। हालांकि यह एक सामान्य प्रशासनिक प्रक्रिया का हिस्सा है, लेकिन परोक्ष रूप से इसके माध्यम से प्रदेश में मंत्रियों और नेताओं का कद भी तय होता है। मंत्रियों को जिलों के प्रभार के आवंटन में दो बातें बिल्कुल साफ हैं कि मुख्यमंत्री मोहन यादव ने अपना कद सबसे ऊंचा रखा है तथा राज्य में मुख्यमंत्री पद के उनके दो मुख्य प्रतिद्वंद्वियों कैलाश विजयवर्गीय तथा प्रहलाद पटेल का कद करने में कोई कोताही नहीं की है। इससे भी बढ़कर बात यह है कि राज्य में पहली बार किसी सीएम ने अपने पास किसी जिले का प्रभार रखा है। सीएम मोहन यादव ने प्रदेश की आर्थिक राजधानी कहे जाने वाले इंदौर का प्रभार अपने ही पास रखा है। इसका सीधा अर्थ यह है कि अब इंदौर में सीधे सीएम की चलेगी। जबकि वहां कैलाश विजयवर्गीय को सबसे बड़ा नेता माना जाता है। कैलाश को दो कम महत्व वाले धार और सतना जिले दिए गए हैं। इसमें भी अगर औद्योगिक क्षेत्र पीथमपुर इंदौर जिले में चला गया तो धार में कुछ खास बचेगा नहीं। इसी प्रकार मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल को भिंड और रीवा का प्रभार दिया गया है। ये क्षेत्र क्रमशः ज्योतिरादित्य सिंधिया तथा उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल के प्रभाव क्षेत्र वाले हैं। इसमें पटेल क्या कुछ कर पाएंगे, कहना मुश्किल है। उन्हें उनके प्रभाव क्षेत्र महाकोशल क्षेत्र के एक भी जिले का प्रभार नहीं दिया गया है। जबकि सिंधिया खेमे के मंत्रियों को सिंधिया के प्रभाव क्षेत्र ग्वालियर चंबल अंचल के जिलों के प्रभार दिए गए हैं। यहां तक मध्य क्षेत्र में भी शिवराज खेमे के मंत्रियों को शिवराज के प्रभाव क्षेत्र के जिले ही दिए गए हैं। इस सूची में कुल 23 वरिष्ठ मंत्रियों को 2-2 जिलों का प्रभार दिया गया, जबकि 7 को 1-1 जिले का प्रभार दिया गया है। प्रदेश की राजधानी भोपाल का प्रभार मोहन यादव के करीबी माने जाने वाले चेतन कश्यप को दिया गया है। इसका सीधा मतलब यही है कि भोपाल में भी सीएम की ही चलेगी।

# स्त्रियों पर दुराचार की पराकाष्ठा

**कानून व्यवस्था सबूत के अभाव के सामने बेबस है या फिर धन और बल से बड़े आदमी को बचाने के लिए पूरा सिस्टम झुक गया है। क्या स्त्रियां भारत देश में सुरक्षित रह पाएंगीं या ऐसे आततायिओं के सामने खुला छोड़ दिया जाय? इस तरह के अनेक सवाल देश के हर नागरिक के दिमाग में कौंध रहे हैं। दरिंदों, बलात्कारियों ने कोलकाता में सारी हदें पार कर दी और राज्य सरकार की महिला मुख्यमंत्री अपराधी को बचाने के लिए धरने पर बैठी हुई है, लगता है हम राजनीति के बर्बर युग में जी रहे हैं, अब हमें शर्म के साथ घिन भी राज्य और केंद्र सरकार की राजनीतिक दलीलों के साथ तमाम आरोप प्रत्यारोपों को सुनकर। लज्जित हुई स्त्रियां, लज्जित हुआ है समाज।**

संजीव ठाकुर

भारत में स्वतंत्रता की प्राप्ति के बाद से ही स्त्रियों, महिलाओं तथा बालिकाओं पर शारीरिक लगातार अनाचार, अत्याचार होते आ रहे हैं। दिल्ली में संजय गीता चोपड़ा भाई बहनों पर दरिंदगी के साथ बेंगलुरु में निर्भया, दिल्ली में तंदूर कांड अब कोलकाता के अस्पताल में डॉक्टर मौमिता देबनाथ और देहरादून में बालिका के साथ सामूहिक दुराचार की घटनाएं मानवीय आस्थाओं को झकझोड़ कर रख देती है, कानूनी-सुरक्षा व्यवस्था पर से विश्वास उठने लगा है। आखिर यह देश में हो क्या रहा है? स्त्री सुरक्षा, स्त्री शिक्षा, और स्त्रियों के उत्थान की तमाम घोषणाएं और सरकारों द्वारा की गई बड़ी-बड़ी बातें इन सब घटनाओं के सामने खोखली साबित हो रही है।

कानून व्यवस्था सबूत के अभाव के सामने बेबस है या फिर धन और बल से बड़े आदमी को बचाने के लिए पूरा सिस्टम झुक गया है। क्या स्त्रियां भारत देश में सुरक्षित रह पाएंगीं या ऐसे आततायिओं के सामने खुला छोड़ दिया जाय? इस तरह के अनेक सवाल देश के हर नागरिक के दिमाग में कौंध रहे हैं। दरिंदों,बलात्कारियों ने कोलकाता में सारी हदें पार कर दी और राज्य सरकार की महिला मुख्यमंत्री अपराधी को बचाने के लिए धरने पर बैठी हुई है, लगता है हम राजनीति के बर्बर युग में जी रहे हैं, अब हमें शर्म के साथ घिन भी राज्य और केंद्र सरकार की राजनीतिक दलीलों के साथ तमाम आरोप प्रत्यारोपों को सुनकर। लज्जित हुई स्त्रियां, लज्जित हुआ है समाज।



भारत एक विशाल लोकतांत्रिक देश है। भारत की जनसंख्या में पुरुषों के साथ-साथ की स्त्रियों तथा बच्चों की भी जनसंख्या भी बहुत ज्यादा है। देश में स्त्री शोषण तथा बाल अत्याचार की विविधता और धार्मिक कट्टरता को देखते हुए नारियों को शिक्षित होना अत्यंत आवश्यक है, विशेष तौर पर स्त्री तथा बालिकाओं को बुनियादी शिक्षा तथा साक्षरता की महती आवश्यकता देश में महसूस की जा रही है। स्त्रियां अपने परिवार, घर और समाज की देखरेख करती हैं। अतः उनका शिक्षित होना बहुत ज्यादा आवश्यक भी है, बच्चे देश का भविष्य है अतः उनका शिक्षित होना भी उतना ही महत्वपूर्ण है जितना किसी भी देश के एक सफल नागरिक को होना चाहिए। स्त्री शिक्षित होंगी तो स्वयं और अपने परिवार को अच्छे बुरे और असामाजिक घटनाओं से सचेत रहने की शिक्षा भी दे सकती हैं जिससे एक सामाजिक परिवर्तन एवं सामाजिक आंदोलन की महत्वपूर्ण पृष्ठभूमि को तैयार किया जा सकता है जिस तरह जल के बिना जीवन नहीं होता है,उसी तरह साक्षरता और शिक्षा के बगैर मनुष्य का जीवन निरर्थक है। अशिक्षित आदमी न तो अपने परिवार न ही समाज के लिए उपयोगी हो सकता है। इसके लिए सबसे पहले हमें स्त्रियों की शिक्षा और साक्षरता के मूल अंतर को समझना होगा। शिक्षा व्यक्ति के संपूर्ण जीवन पद्धति को विकसित करने का जरिया तथा महत्वपूर्ण विकल्प है। जिसके अंतर्गत पढ़ना, लिखना, समझना चरित्र विकास बौद्धिक मानसिक मनोवैज्ञानिक आध्यात्मिक सभी पहलुओं में गुणात्मक विकास करने के लिए आवश्यक कारक है। साक्षरता सदैव रोजगार मूलक तथ्यों से जुड़ी होती है। जबकि सभ्यता संस्कृति का विकास मानवी शिक्षा से ही संभव हो पाता है। शिक्षा हमें सभ्य होना सिखाती है। इसमें व्यक्ति के मनन, चेतना, सद्बुद्धि और विचारशीलता में वृद्धि करती है। ऐसा भी संभव होता है कि कई वर्षो के अध्ययन से व्यक्ति सभ्य और सुसंस्कृत नहीं हो पाता है। इसीलिए विचारकों ने शिक्षा और संस्कृति को अलग-अलग पैमाने से नापा है। सुसंस्कृत व्यक्ति सदैव संतुलित, शांत एवं नीति निर्णायक बन सकता है पर कई उदाहरणों में ऐसा भी पाया गया है कि उच्च शिक्षित व्यक्ति उच्छृंखल हो सकता है। वर्तमान समय में उच्च शिक्षित और ज्यादा पढ़े लिखे अज्ञानियों की संख्या बहुतायत में हैं। ऐसा ज्यादातर तकनीकी शिक्षा के मामले में देखा गया है, इसीलिए उच्च शिक्षित व्यक्ति जो सद व्यवहार नहीं करता, उन्हें केवल साक्षर मान के शिक्षित व्यक्ति ना माना जाएद्य शिक्षा और संस्कृति तथा विरासत के मूल्य का आपस में गहरा संबंध है। जबकि साक्षरता का इससे बहुत दूर-दूर तक कोई लेना- देना नहीं है। वैसे शिक्षा और संस्कृति के ज्ञान का प्रारंभिक गर्भावस्था से ही हो जाता है, अर्जुन पुत्र अभिमन्यु इस बात के बहुत बड़े उदाहरण है। महात्मा गांधी तथा अब्राहम लिंकन ने मनुष्य के चरित्र निर्माण एवं विकास के लिए माताओं का योगदान बहुत महत्वपूर्ण बताया है।

परिवार की शिक्षा के बाद विद्यालयों की शिक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। इसमें अनुशासन, सहभागिता, समानता एवं नेतृत्व जैसे गुणों का समावेश होता है। पुस्तकों का ज्ञान व्यक्ति एवं व्यक्ति के जीवन में संज्ञानात्मक विकास को बढ़ावा देता है, पर शिक्षक की भूमिका जिंदगी में बड़ी ही प्रेरणादायी होती है। यह कहा जाता कि बिना गुरु ज्ञान नहीं हो सकता है। ऐसे कई उदाहरण हैं कि बिना साक्षरता के व्यक्ति पूर्ण रूप से शिक्षित एवं सुसंस्कृत हो सकता है, पुराण काल में रावण प्रकांड पंडित एवं साक्षर व्यक्ति माना जाता था पर स्त्री के अपहरण में उसका कृत्य अहंकार लालच लिप्सा उसकी साक्षरता को सार्थक नहीं कर पाई और समाज उसे सिर आंखों पर बिठा के रखता है। इससे समाज के दीर्घकालिक सांस्कृतिक मूल्यों का हनन एवं क्षति भी होती है। और इस प्रक्रिया में साक्षरता पक्ष होने के कारण रोजगार साधन बन जाते हैं एवं साधनों की परवाह न कर इसकी खुली अवहेलना हो लोग करने लगे हैं, और इसी कारण शिक्षा के क्षेत्र में नकल, फर्जीवाड़े, धन देकर नौकरी प्राप्त करना आदि की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। साक्षर तो घोटालेबाज केतन पारेख हर्षद मेहता एवं कुख्यात आतंकवादी ओसामा बिन लादेन भी थे, किंतु इनकी शिक्षा की सार्थकता समाज द्वारा सदैव नापसंद की गई एवं समाज इन्हें हेय दृष्टि से देखने लगा है।

आज के संदर्भ में ऐसी शिक्षा या साक्षरता की आवश्यकता है, जो मानव जीवन में मूल्यों का विकास एवं मूल्यों की प्रतिबद्धता विकसित कर सके। जिससे समाजिक गिरते मूल्यों तथा विरासत की अवहेलना ना हो सके। बिना मूल्यों के बिना संस्कृतिक विचारधारा के साक्षर होना ठीक उसी तरह है जैसे किसी बंदर के हाथ में बंदूक या उस्तरा देना है। हमें आज नैतिक साक्षरता देने की आवश्यकता होगी, जिससे व्यक्ति के व्यक्तित्व विकास विरासत की रक्षा तथा मानवीय संवेदनाओं का संपुष्ट हो, जो व्यक्ति को एक अच्छा इंसान बना सकें। और इस सभ्य समाज में स्त्रियों के प्रति अत्याचार, दुराचार तथा बलात्कार जैसी घृणित मानसिकता पैदा ना हो सके और मौमिता देवनाथ जैसी पढ़ी-लिखी और उस जैसी अन्य बालिकाओं को फिर अत्याचार दुराचार का सामना न करना पड़े।

# खुद को दोहराने को तैयार इतिहास

रघु ठाकुर

2024 के लोकसभा चुनाव परिणाम आने के बाद भारतीय जनता पार्टी में आंतरिक तनाव बढ़े हैं। जिन राज्यों में उन्हें विधानसभा के चुनाव में भारी बहुमत मिला था और उन राज्यों में भी जिनमें मुख्यमंत्री को श्री नरेंद्र मोदी ने सीधे पर्ची से नाम जद किया था उसको लेकर भी आम स्वीकार्यता नहीं थी। यद्यपि विधानसभा के चुनाव के समय केंद्र के चुनाव नहीं हुए थे इसलिए भाजपा का नेतृत्व और विशेषतः राज्यों के मुख्यमंत्रीपद के दावेदार प्रधानमंत्री की ताकत व प्रचारित लोकप्रियता से भयभीत थे।

एक आम राय यह थी कि भाजपा को विशाल बहुमत मिलेगा और अयोध्या में रामलला के मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के बाद श्री नरेंद्र मोदी और भाजपा ने अबकी बार 400 के पार के नारा का उद्घोष किया था इससे भी दल के भीतर व बाहर के लोग भयभीत थे। और विशेषता उनकी पार्टी के अंदरूनी उनके प्रतिद्वंदी लोग। परंतु उस समय वे बोलने का साहस नहीं कर सकते थे। इस बार 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद जब भाजपा घटकर 240 पर रह गई और मोदी मिथ टूट गया तो अब अंदर के विरोधियों ने भी कुछ बोलने का साहस दिखाना शुरू किया है। भारतीय जनता पार्टी को राजस्थान और उत्तर प्रदेश से विशेष आघात लगा है। कोई भी भाजपा का नेता या आम जानकार व्यक्ति यह मानने को तैयार नहीं था की उत्तर प्रदेश में भाजपा को 60 से कम सीट मिलेंगी और इसी प्रकार राजस्थान में भी लगभग अधिकांश सीटों के पाने की उम्मीद थी, जैसा कि पिछली बार हुआ था। परंतु इन दोनों राज्यों ने न केवल श्री नरेंद्र मोदी जी को निराश किया है, बल्कि उनके थोथे नारे 400 के पार की पोल खोल दी है।

यद्यपि श्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बन गए हैं परंतु यह जोड़-तोड़ की लंगड़ी सरकार है जिसमें दो सहयोगी दलों की संख्या महत्वपूर्ण है और इस परिस्थिति में उनके अंदर का कोई भी व्यक्ति प्रधानमंत्री के पद की जवाबदारी लेने को तैयार नहीं था। ऐसा बताया जाता है कि श्री नरेंद्र मोदी ने कहा था-मैं नहीं बनना चाहता परंतु उन्हें उनके पार्टी और सहयोगी दलों ने बाध्य किया। श्री मोहन भागवत का एक बयान अवश्य मैंने पढ़ा था, जिसमें उन्होंने कहा था कि सभी लोग पूरी ताकत से श्री नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने में सहयोग करें। उनका यह बयान वास्तविक था या समय की लाचारी का बयान था यह कहना कठिन है। एक घटना तो यह महत्वपूर्ण हुई है कि राजस्थान, उत्तर प्रदेश, गुजरात और अन्य कई प्रदेशों में राजपूत समाज ने श्री मोदी के खिलाफ वोट दिया है जो अभी तक आम तौर पर भाजपा व संघ का समर्थक था। चुनाव के पहले से ही एक अभियान शुरू हो गया था। इसकी शुरुआत पहले गुजरात से हुई थी और वह श्री पुरुषोत्तम रुपाला के बयान के आधार पर हुई थी। हालांकि श्री रूपाला ने दो बार सार्वजनिक रूप से माफी मांगी परंतु राजपूत समाज ने ना उन्हें माफ किया और ना ही मोदी को माफ किया तथा भाजपा के खिलाफ भी वोट दिया।

उत्तर प्रदेश में भी बताया जाता है की राजपूत समाज ने आम तौर पर भाजपा के खिलाफही वोट दिया और कहा जाता है कि श्री योगी आदित्यनाथ की भी इच्छा यही थी कि उत्तर प्रदेश में भाजपा ज्यादा सीटें हारे। क्योंकि उन्हें यह खतरा हो गया था कि, अगर भाजपा को विशाल बहुमत मिलता है तो उन्हें हटा दिया जाएगा। इसके भी कुछ छुट पुट प्रमाण भी मिले हैं परंतु किसी बाहरी व्यक्ति का ज्यादा कहना संभव नहीं है। हालांकि जो घटनाक्रम हुआ है उससे यही निष्कर्ष निकलता है। चुनाव के परिणाम आने के बाद भाजपा की सांसदों की संख्या भी कम हुई और श्री नरेंद्र मोदी भी हारते-हारते बचे। वस्तुतः उनकी जीत मात्र 1 लाख के वोटों से हुई है जबकि उनके लोगों का दावा 6 लाख वोटों से जीतने का था। आरंभ के चार-पांच राउंड में भी वह पीछे थे और यह एक प्रकार से उनकी गणितीय हार तो नहीं थी परंतु नैतिक हार तो है। इन घटनाओं के बाद उत्तर प्रदेश भाजपा में तनाव बढ़ रहा है और ऐसा लगता है कि इसके पीछे कहीं ना कहीं केंद्र का हाथ है। एक तो भाजपा में हार के कारणों पर चर्चा शुरू हुई तो यह कहा गया की लोकसभा के टिकट वितरण में श्री अमित शाह ने मनमानी की। जिन 12 लोगों को टिकट देने की सिफारिश श्री योगी ने की थी उन्हें टिकट नहीं दिए गए। इससे भी श्री योगी के मन में यह खतरा पैदा हुआ की यह उन्हें हटाने की तैयारी है और हो सकता है कि योगी ने अपनी ताकत अप्रत्यक्ष रूप से उन दोनों व्यक्तियों को कमजोर करने में लगाई हो जो उन्हें हटाने के के लिए षड्यंत्र कर रहे थे।

अभी भी ऐसा लगता है कि भाजपा में कुछ ठीक-ठाक नहीं है, विशेषतः उत्तर प्रदेश में। झारखंड के गुमला में श्री मोहन भागवत ने बयान दिया है कि कुछ लोग भगवान बनना चाहते हैं और वह अपनी असलियत भूल जाते हैं। भगवान बनने को क्या करना पड़ता है यह भूल जाते हैं। लोगों ने उनके इस बयान को श्री मोदी के चुनाव के पूर्व दिए गए बयान से जोड़कर देखा है जिस पर उन्होंने कहा था कि मैं भगवान के द्वारा भेजा गया हूं यद्यपि जैविक रूप से नहीं यानी वह अपने आप को एक प्रकार का अवतार जैसा सिद्ध कर रहे थे।

दूसरी घटना हुई है कि श्री योगी मुख्यमंत्री जी ने जो बैठक बुलाई थी उसमें दोनों उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य और श्री बृजेश पाठक शामिल नहीं हुए परंतु दिल्ली में भाजपा मुख्यमंत्री परिषद की जो बैठक उनके केन्द्रीय कार्यालय में हुई जिसमें श्री नरेंद्र मोदी, श्री अमित शाह, श्री राजनाथ सिंह आदि भाजपा आला कमान शामिल हुए थे उसमें मुख्यमंत्री श्री योगी के साथ दोनों उपमुख्यमंत्री भी शामिल हुए। जबकि मध्य प्रदेश राजस्थान में भी दो दो उपमुख्यमंत्री हैं, छत्तीसगढ़ में भी दो उप मुख्यमंत्री हैं परंतु इन राज्यों के उपमुख्यमंत्री इस बैठक में शामिल नहीं हुए और शायद उन्हें बुलाया भी नहीं गया हो। अकेले उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्रियों को बुलाने का मतलब यही संकेत देता है कि भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व और विशेषतः प्रधानमंत्री और उनकी जमात अब श्री योगी को गिराने की तैयारी कर रहे हैं। कुछ दिनों के बाद 10 विधानसभाओं के उप चुनाव उत्तर प्रदेश में होना है और तब तक शायद कोई परिवर्तन या बदलाव की बात ना हो परंतु अगर इन उपचुनाव में योगी के विपरीत परिणाम आते हैं तो यह उनके खिलाफ मुहिम के लिए एक ताकतवर तर्क होगा कि श्री योगी आदित्यनाथ लोकसभा भी नहीं जीता पाए ना उपचुनाव जिता पाए और भविष्य में भी होने वाले चुनावों को भी वह नहीं जिता पाएंगे।

ऐसा लगता है कि भाजपा का इतिहास दोहराया जा रहा है। वैसे भी कहावत है कि इतिहास अपने आप को कुछ समय के बाद दोहराता है। स्व. अटल बिहारी वाजपेई जब प्रधानमंत्री बने थे और लखनऊ से लोकसभा का चुनाव लड़े थे तो उस समय श्री लालकृष्ण आडवाणी जो भीतर से प्रधानमंत्री पद के इच्छुक थे। बताया जाता है कि उनके इशारे पर स्वर्गीय कल्याण सिंह ने स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई को हराने का प्रयास किया था। जो उनकी बिरादरी के मतदान केंद्र थे उनमें अधिकांश से स्व अटल बिहारी वाजपेई हारे थे।

## वर्ग पहेली 5467



**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 1927 को मध्यप्रदेश की भूतपूर्व राज्यपाल तथा भारतीय प्रशासनिक सेवा में भारत की दूसरीमहिला ने जन्म लिया था (6)
6. वरयात्रा, बराती (3)
7. कमर, शरीर का मध्य भाग (2)
8. सुर, वाचा (2)
10. हॉलेंड के निवासी यह कहलाते है (2)
11. रदपट, अधर, ओंठ, ओष्ठ (उर्दू)(2)
12. प्रत्येक पक्ष की तीसरी तिथि (2)
13. सिलसिलेवार, क्रमिक, व्यवस्थित (4)
15. वस्तु आदि की नीचे की सतह, आवृत्ति, स्तर (2)
17. पुराणानुसार सात पातालों में से पहला, पेंदा (2)
18. इस अभिनेत्री की पहली फिल्म, सरगम (1979) थी (4)
21. यह अभिनेता अमजद खान के अभिनेता पिता थे (निधन 2 जून 1975) पुराणानुसार इंद्र के एक पुत्र उपेंद्र का यह भी एक नाम था (3)
22. सेवा, टहल, सुश्रुषा (4)
24. पत्र, पत्ती का अपभ्रंश (2)
25. प्रणाम, तस्लीम, नौहे की एक किस्म (3)

**ऊपर से नीचे**

1. विद्या या वाणी की देवी, पंजाब की एक प्राचीन नदी (4)
2. शर्म, हया, लज्जा (2)
3. एक विस्फोटक रासायनिक गोला (3)
4. चक्रवात, बवंडर, गुबार (4)
5. सन्नद्ध, कमर बांधकर, तैयार, मुस्तैद (4)
7. अस्पष्ट उच्चारण, गलबल, मिनमिन (4)
9. 25 वर्ष पूर्ण होने पर (6)
14. राय, दार्शनिक प्रणाली, सलाह, वोट (2)
16. जीवन, जिंदगी (उर्दू)(3)
19. प्रवेश, विनिवेश, भर्ती (3)
20. पृथ्वी की ऊपरी सतह (3)
21. सुब्रहमण्यम स्वामी वाली राजनीतिक पार्टी का संक्षिप्त नाम (2)
23. बल, एक बार सांस लेने का समय, शक्ति, फूंक (2)

**वर्ग पहेली 5466 का हल**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| इ | रा | क | | ता | | व | र |
| शा | य | द | | न | ह | सु | त |
| रा | | ली | ला | सै | ठ | | ना |
| क | ला | | | न | क | सी | र |
| र | न | क | ना | | र | न | |
| ना | त | | ग | या | ना | | बे |
| | | स | ब | क | | गु | रू |
| स | म | त | ल | | | ल | त |

# तमिलनाडु में तिरंगे पर तकरार

डॉ. सुधीर सक्सेना

धुर दक्खिनी प्रदेश तमिलनाडु अर्से से शांत है। कोई बड़ा धरना-प्रदर्शन नहीं। कोई बड़ा बखेड़ा नहीं। मुख्यमंत्री स्टालिन के नेतृत्व में द्रमुक सरकार ने कामयाबी के झंडे गाड़ रखे हैं। हाल के लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत सफलता से उसके हौसले बुलंद है। विधानसभा के उपचुनाव में भी उसे कामयाबी मिली है। द्रमुक सरकार की इस बेहतरीन उपलब्धि में उसके सामाजिक सरोकारों की महत्वपूर्ण भूमिका है। मुख्यमंत्री स्टालिन तो अपनी सरकार को वैकल्पिक मॉडल तक की संज्ञा देते हैं। केन्द्र की सरकार से उनके रिश्ते तल्ख हैं और वह उस पर तंज का कोई मौका नहीं छोड़ते। उनके पास ढेरों शिकायतें हैं और ये शिकायतें निस्सार नहीं हैं। इनमें सबसे बड़ी शिकायत है सौतेले बर्ताव की। यूं भी गैरभाजपा और विपक्षी दलों का मानना है कि मोदी सरकार सिर्फ डबल इंजन सरकारों के प्रति सदय है, अन्यथा वह औरों की मुश्कें कसने और उनके लिए मुसीबतें खड़ी करने की फिराक में रहती है। केन्द्र के रवैये से त्रस्त राज्यों की सूची तमिलनाडु, केरल, तेलंगाना और कर्नाटक तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें पश्चिम बंगाल, पंजाब, दिल्ली और झारखंड भी जुड़ गये हैं। इनमें से अनेक राज्यों को अपने 'ड्यूज' के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा है। तमिलनाडु की ही बात करें तो उसे सुप्रीम कोर्ट के दखल के बाद केन्द्र सरकार ने आपदा प्रबंधन के लिए जो रकम मुहैया की है, वह ऊंट के मुंह में जीरे की मानिंद है। दूसरे इन राज्यों के मुख्यमंत्रियों और राज्यपालों के दरम्यां हद दर्जे की खटास है। इन राज्यों के मुख्यमंत्रियों का दो टूक कहना है कि मोदी सरकार इन राज्यों में राज्यपालों के जरिये सियासी गेम खेल रही है और उसका मकसद उन्हें अस्थिर करना है।

भारतीय जनता पार्टी को इस बार पूरी उम्मीद थी कि उसे इस दफा तमिलनाडु में पांव टिकाने का ठौर मिलेगा। केरल में तो सौभाग्य से उसकी मंशा पूरी हुई, लेकिन तमिलनाडु में बातें बनी नहीं। बीजेपी को कोयंबटूर में अपने युवा कमांडर अन्नामलै की जीत की खासा उम्मीद थी, लेकिन स्टालिन की व्यूह रचना से वह पार नहीं पा सके। उन्हें मात का सामना करना पड़ा। इसके लिए स्तालिन की सराहना करनी होगी कि उन्होंने अपने राजनीतिक कुनबे को बिखरने नहीं दिया और सीटों के बंटवारे मे भी उदार-व्यावहारिकता का परिचय दिया। कांग्रेस के साथ उनकी बेमिसाल जुगलबंदी का ही नतीजा है कि केन्द्र-शासित पड़ोसी राज्य पुदुच्चेरि ने लोकसभा के लिए कांग्रेस प्रत्याशी को अपना प्रतिनिधि चुना। वहीं डबल इंजन सरकार का होना बीजेपी को फला नहीं। गौरतलब है कि पुदुच्चेरि में स्टालिन के राजनीतिक उत्तराधिकारी और बेटे उदयनिधि ने रोड-शो और जमकर प्रचार किया था। उदयनिधि संप्रति स्टालिन सरकार में युवक कल्याण और खेलमंत्री हैं। गत दिनों उदयनिधि को डिप्टी सीएम बनाने की जोरदार मांग उठी। अंततः स्टालिन ने इस तुमुल नाद को यह कहकर शांत कर दिया कि उदय को अभी और 'तजुर्बे' की जरूरत है।

जाहिर है कि पिता या पुत्र, कोई भी उतावला नहीं है। टाइम फैक्टर उनके पक्ष में है। पार्टी मजबूत रही और सरकार कायम तो कोई ताज्जुब नहीं कि उदयनिधि को पिता स्टालिन के जीते-जी चीफ मिनिस्टर बनने का सौभाग्य मिले। यदि ऐसा है तो वह एक ही परिवार की तीसरी पीढ़ी के निर्वाचित मुख्यमंत्री होंगे। उदयनिधि की मनोदशा और आत्मविश्वास का आभास इससे मिलता है कि जब पत्रकारों ने उन्हें घेरा तो उन्होंने कहा कि उन्हें अपना विभाग प्राणों से भी प्रिय है।

## आज का राशिफल

### मेष

आज दिन बहुत ही भाग्यशाली रहेगा और हर काम अपने तय समय के अनुसार आराम से होगा। किसी बैंक से लोन लेने के बारे में सोच रहे हैं तो आपको सफलता मिलेगी और लाभ में भी वृद्धि होगी। आपको सम्मानित किए जाने से मन प्रसन्न होगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा और नए मित्रों से आपको सहयोग प्राप्त होगा।

### वृषभ

आज करियर में लाभ होगा। आपको अधिक भागदौड़ करनी पड़ सकती है, सावधानी बरतें। निर्णय लेने की क्षमताओं का आपको आज लाभ मिल सकता है। आपको रुके हुए कार्य में सफलता प्राप्त होगी। किसी मामले में आपको निवेश करना हो तो कर सकते हैं, लाभ का दिन है। आगे चलकर आपको लाभ होगा।

### तुला

आज दिन लाभ और सफलता से भरा होगा और मन काफी प्रसन्न होगा। अधिकार और संपत्ति में वृद्धि होगी। आय भाव में वृद्धि होगी और आपको सफलता प्राप्त होगी। अपने गुरु के प्रति पूर्ण भक्ति भाव और निष्ठा रखें। आज नये कार्यों में इनवेस्ट करना पड़े तो शुभ रहेगा। आपके लिए शेयर बाजार में निवेश करने का बेहतर अवसर है। लाभ उठाएं।

### वृश्चिक

आज लाभ होगा और कारोबार में आपकी योजनाएं सफल होने से आपका काम में मन लगेगा। व्यापार में वृद्धि के लिए किए गए प्रयास निष्फल हो सकते हैं। इसलिए आज पैसों का अधिक निवेश करने से बचें। आपको कारोबार में लाभ होगा और सफलता प्राप्त होगी। धैर्य तथा प्रतिभा से शत्रु पक्ष पर विजय प्राप्त करने में सफल रहेंगे।

### मिथुन

आज सावधान रहने की सलाह है। आप फिजूल के खर्चे से बचें तो दिन अच्छा बीतेगा। आप किसी रोग से पीड़ित हैं तो आज आपके कष्ट में वृद्धि होगी। अकस्मात् लाभ होने से आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा और धर्म, आध्यात्म में रुचि बढ़ेगी। संतान पक्ष से हर्षवर्धक समाचार मिलेगा। शाम के वक्त आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा।

### कर्क

आज लाभ होगा और कारोबार के मामले में आपका दिन उत्तम रहेगा। आपको परिश्रम का फल अच्छा मिलेगा। संतान के प्रति आपका विश्वास और अधिक मजबूत होगा और आपके कार्य सफल होने से मन प्रसन्न होगा। आप अपनी शान शौकत के लिए धन खर्च करेंगे जिससे आपके शत्रु परेशान होंगे।

### धनु

आज दिन भाग्यशाली है और आज आपके अंदर विद्या, बुद्धि और ज्ञान की वृद्धि होगी। आप दूसरों की आर्थिक मदद कर सकते हैं। भाग्य की ओर से भी आपको पूर्ण सहयोग मिलेगा, आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी। शाम से लेकर रात तक आपका मन प्रसन्न होगा। बाहर का खाने से बचें। पेट का विकार होने से आपका मन काफी परेशान रहेगा।

### मकर

आज दिन लाभ से भरा होगा और आपको हर कार्य में सफलता प्राप्त होगी। आपको बहुमूल्य वस्तुओं की प्राप्ति के साथ ऐसे अनावश्यक खर्चे भी करने पड़ सकते हैं जो कि न चाहते हुए भी मजबूरी में करने पड़ेंगे। ससुराल पक्ष से मान सम्मान मिलेगा और कारोबार में लाभ होगा।

### सिंह

आज दिन फलकारक है। आपका दिन शांति और सुख में बीतेगा। माता-पिता के सहयोग और आशीर्वाद से राहत मिलेगी। ससुराल पक्ष से किसी मामले में विवाद होने से आपका मन काफी अशांत रहेगा और नाराजगी बढ़ सकती है। मधुर वाणी का प्रयोग करें वरना विवाद पैदा हो सकते हैं। आपके संबंधों में कड़वाहट आ सकती है।

### कन्या

आज लाभ का दिन है और आपके सम्मान में वृद्धि होने आपको खुशी होगी और लाभ होगा। कठिन कार्यों को सम्पन्न करने में सक्षम रहेंगे। माता-पिता से हर प्रकार का सहयोग प्राप्त होगा। व्यर्थ व्यय होने से आप परेशान रहेंगे और काम करने में मन नहीं लगेगा। आप मन से लोगों का भला सोचेंगे, किन्तु लोग इसको आपका स्वार्थ ही समझेंगे।

### कुंभ

आज दिन लाभ और सफलता से भरा होगा। बुद्धि विवेक से आपको हर कार्य में सफलता प्राप्त होगी। सीमित और आवश्यकतानुसार व्यय करें तो कुछ पैसे बचा पाएंगे। सांसारिक सुख भोग के साधन बढ़ेंगे और आपके जीवन में आराम आएगा। नौकर चाकरों का सुख पूर्ण रूप से मिलेगा। शाम से लेकर रात तक आपको किसी यात्रा पर जाने का सुख मिलेगा।

### मीन

आज लाभ होगा और किसी पुराने विवाद का हल निकालने के मामले में आपको सफलता मिलेगी। खुशमिजाज व्यक्तित्व होने के कारण आपको ऑफिस में सभी लोगों का सहयोग मिलेगा। सामाजिक सम्मान मिलने से आपको लाभ होगा। रात में प्रियजनों व परिजनों से हास्य विनोद रहेगा। आपको कारोबार में अच्छा मुनाफा होने से आपका उत्साह बढ़ेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### उपेंद्र कुशवाहा को राज्यसभा भेजेगा एनडीए, उपचुनाव के लिए 21 अगस्त को दाखिल करेंगे नामांकन पत्र

**पटना, एजेंसी।** बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के सहयोगी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा ने सोमवार को बताया कि वह राज्यसभा उपचुनाव के लिए इस सप्ताह के अंत में नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। बिहार में राज्यसभा की 2 सीटों के लिए होंगे उपचुनाव राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा ने कहा, राज्यसभा की सदस्यता के लिए मेरा नामांकन अब 20 अगस्त को नहीं, बल्कि 21 अगस्त को होगा। बिहार में राज्यसभा की दो सीटों के लिए उपचुनाव होने हैं। उच्च सदन की ये सीट विवेक ठाकुर (भाजपा) और मीसा भारती (राजद) के लोकसभा के लिए चुने जाने के बाद खाली हुई हैं। लोकसभा चुनाव में बिहार के लिए राजग के घटक दलों के बीच सीट बंटवारे के फार्मूले के अनुसार, कुशवाहा की पार्टी को संसद में एक सीट और राज्य विधान परिषद में एक सीट मिलनी थी। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख ने काराकाट लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा था और तीसरे स्थान पर रहे थे। इस सीट से भाकपा माले के राजा राम कुशवाहा ने जीत हासिल की और भोजपुरी कलाकार पवन सिंह (निर्दलीय उम्मीदवार) दूसरे स्थान पर रहे। उपेंद्र कुशवाहा ने 2014 में राजग के उम्मीदवार के रूप में काराकाट सीट जीती थी। बिहार से राज्यसभा की इन दोनों सीटों के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त है। अब तक न तो राजग ने दूसरी सीट के लिए उम्मीदवार का नाम घोषित किया है और न ही बिहार में 'इंडिया गठबंधन ने उपचुनाव के लिए अपने पत्ते खोले हैं।

### गिरिराज सिंह ने की पश्चिम बंगाल में बने आधार कार्ड की जांच की मांग

**दिल्ली/पटना, एजेंसी।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में महिला डॉक्टर के साथ रेप और उसकी हत्या के मामले से देश में आक्रोश का माहौल है। इसी बीच केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने पश्चिम बंगाल में बने सभी आधार कार्ड की जांच की मांग की है। गिरिराज सिंह ने कहा कि बंगाल में बांग्लादेशी अवैध घुसपैठियों और रोहिंगिया घुसपैठियों के ममता बनर्जी की सरकार के संरक्षण में आधार कार्ड तक बन गए हैं। बंगाल में इस पर एक गहन जांच की जरूरत है। ममता बनर्जी ने वोट के लालच में घुसपैठियों को रेड कार्पेट दे दिया है जो बंगाल, भारत के लिए खतरनाक है। मां, माटी और मानुष की बात करने वाली ममता बनर्जी आज बंगाल के सारे अस्तित्व को खत्म कर रही है। हमारी मांग है कि इसे लेकर एक जांच होनी चाहिए। बता दें कि कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में 9 अगस्त की रात को 31 वर्षीय ट्रेनी महिला डॉक्टर का शव सेमिनार हॉल में बरामद किया गया था। शव पर चोट के निशान और खून बहने के प्रमाण मिले थे। जांच के दौरान यह पता चला कि डॉक्टर के साथ बलात्कार किया गया और फिर उसकी हत्या कर दी गई। पुलिस ने इस मामले में आरोपी संजय रॉय को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, हालांकि यह संभावना जताई जा रही है कि इस अपराध में कई लोग शामिल हो सकते हैं।



### नेशनल कॉन्फ्रेंस का मेनिफेस्टो झूठ का पुलिंदा : तरुण चुघ



**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही सियासी दलों के नेताओं की ओर से प्रतिक्रियाओं का दौर जारी है। जम्मू-कश्मीर के भाजपा प्रभारी और राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के चुनाव घोषणापत्र पर टिप्पणी करते हुए कहा कि यह झूठ का पुलिंदा है। एससी, एसटी और महिला आरक्षण को किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं लिया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डॉ. भीमराव अंबेडकर का संविधान जम्मू-कश्मीर में लागू किया। उस संविधान को हटने नहीं दिया जाएगा। चुघ ने सवाल किया कि आतंकवाद को पैदा करने वाले पाकिस्तान के गाने और तराने अब्दुल्ला परिवार को क्यों अच्छा लगता है? हमें आज तक यह समझ में नहीं आता। उन्होंने कहा कि 1,70,000 कश्मीरी पंडितों को निकालने वाले अब्दुल्ला और मुफ्ती आज घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं। 1990 में सुरक्षा देने की बजाय उन्होंने उन्हें निकाला गया। आज वही लोग रक्षक बनकर घड़ियाली आंसू बहाते हैं, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। 1990 में मुख्यमंत्री कौन थे। इसकी जिम्मेदारी किसकी थी? दरअसल, चुनाव आयोग ने जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों में विधानसभा चुनाव कराने की घोषणा की। जिनमें 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को मतदान होगा। मतों की गिनती 4 अक्टूबर को होगी। चुनाव आयोग के मुताबिक, जम्मू और कश्मीर में 90 निर्वाचन क्षेत्रों में 87.09 लाख मतदाता हैं, जिनमें 42.6 लाख महिलाएं हैं। यहां पहली बार वोट देने वाले युवा मतदाताओं की संख्या 3.71 लाख है। जबकि, कुल मिलाकर 20.7 लाख युवा मतदाता हैं, जिनकी आयु 20 से 29 वर्ष के बीच है।

# मंकीपॉक्स पर भारत सतर्क, इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एहतियात, राज्यों के लिए भी निर्देश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया के ऊपर एक बार फिर से महामारी का खतरा मंडरा रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने मंकीपॉक्स को ग्लोबल इमरजेंसी घोषित कर दिया है। कांगो और अफ्रीका के अन्य हिस्सों में इस बीमारी के फैलते संक्रमण के बाद यह फैसला लिया गया है। इसके साथ ही वायरस के संक्रमण पर रोक के लिए तत्काल कदम उठाए जाने की भी बात कही है। इस बीच स्वीडन के एक यात्री में भी मंकीपॉक्स के नए स्वरूप का पहला केस पाया गया है। ऐसा केस अभी तक अफ्रीका में ही देखा गया था। अन्य यूरोपीय देशों में भी मंकीपॉक्स के मामले बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। इस बीच भारत में भी एहतियात बरता जा रहा है। केंद्र सरकार ने सभी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों पर निगरानी बढ़ा दी है। राज्यों के लिए भी निर्देश जारी कर दिए गए हैं। पीएम मोदी के प्रधान सचिव ने इसको लेकर एक अहम बैठक भी की है।




**केंद्र ने सतर्क रहने को कहा :** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी हवाई अड्डों के साथ-साथ बांग्लादेश और पाकिस्तान की सीमाओं के पास स्थित भूमि बंदरगाहों के अधिकारियों को 'मंकीपॉक्स' के चलते अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के प्रति सतर्क रहने को कहा है। मंत्रालय ने मंकीपॉक्स से पीड़ित किसी भी रोगी के पृथकवास, प्रबंधन और उपचार के लिए राष्ट्रीय राजधानी में तीन केंद्र संचालित अस्पतालों (राम मनोहर लोहिया अस्पताल, सफदरजंग अस्पताल और लेडी हार्डिंग अस्पताल) को नोडल केंद्रों के रूप में चिह्नित किया है। सूत्रों ने बताया कि सभी राज्य सरकारों को अपने यहां ऐसे चिह्नित अस्पतालों की पहचान करने को कहा गया है। वहीं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रधान सचिव पीके मिश्रा ने रविवार को एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। इसमें त्वरित पहचान के लिए निगरानी बढ़ाए जाने के बीच मंकीपॉक्स को लेकर देश की तैयारियों की समीक्षा की गई।

**अभी देश में कोई मामला नहीं :** पीएम मोदी के प्रधान सचिव की बैठक में बताया गया कि अभी तक देश में एमपॉक्स का कोई मामला सामने नहीं आया है। डॉ. मिश्रा ने निर्देश दिया कि निगरानी बढ़ाई जाए और मामलों का शीघ्र पता लगाने के लिए प्रभावी उपाय किए जाएं। उन्होंने कहा कि परीक्षण प्रयोगशालाओं का नेटवर्क तैयार किया जाना चाहिए। अभी 32 प्रयोगशालाएं परीक्षण के लिए तैयार हैं। वर्तमान आकलन के अनुसार, बड़े प्रकोप का जोखिम कम है। स्वास्थ्य सचिव ने बताया कि भारत के लिए जोखिम का आकलन करने के लिए 12 अगस्त को राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) द्वारा विशेषज्ञों की एक बैठक बुलाई गई थी। एनसीडीसी द्वारा पहले जारी किए गए एमपॉक्स पर संचारी रोग (सीडी) अलर्ट को अपडेट किया जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों, प्रवेश के बंदरगाहों पर स्वास्थ्य टीमें तैनात कर दी गई हैं।

**कैसे फैलता है मंकीपॉक्स :** गौरतलब है कि इससे पहले स्वाइन फ्लू और कोविड 19 को डब्लूएचओ ने पैनडेमिक घोषित किया था। यह दोनों बीमारियां हवा में फैलती हैं। वहीं, कुछ लोगों में तो इनके लक्षण भी नजर नहीं आते। दूसरी तरफ एमपॉक्स का संक्रमण संक्रमित रोगी के साथ लंबे समय तक और निकट संपर्क से होता है। यह मुख्य रूप से यौन मार्ग, रोगी के शरीर, घाव वाले तरल पदार्थ के सीधे संपर्क या किसी संक्रमित व्यक्ति के दूषित कपड़ों के माध्यम से होता है। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि एमपॉक्स संक्रमण आम तौर पर 2-4 सप्ताह के बीच अपने आप सीमित होता है। एमपॉक्स के मरीज आमतौर पर सहायक चिकित्सा देखभाल और प्रबंधन से ठीक हो जाते हैं। मंकीपॉक्स से बचने का सबसे बेहतर तरीका है, संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में न आएं। इसके अलावा ऐसे व्यक्ति के कपड़ों, बर्तन, बेडशीट, तौलिए आदि का भी इस्तेमाल नहीं करें। साफ-सुथरे ढंग से रहें और लगातार हाथ धोते रहें। कोविड 19 या कोरोना वायरस का संक्रमण बेहद तेजी से फैला। चीन में वायरस की पहचान होने के साथ केसेज की संख्या देखते ही देखते हजारों में पहुंच गई। केवल एक हफ्ते में ही दस गुना मामले सामने आ चुके थे। मार्च 2020 में डब्लूएचओ ने इसे पैनडेमिक घोषित कर दिया। पहला केस आने से तीन महीने के अंदर 126,000 इंफेक्शंस और 4,600 मौतें हो चुकी थीं। इसकी तुलना में मंकीपॉक्स की रफ्तार बेहद धीमी है। डब्लूएचओ के मुताबिक 2022 से अब तक दुनिया भर में 100,000 संक्रमण के मामले सामने आए हैं। वहीं, करीब 200 लोगों की मौत हुई है।

## विरोध का असर: अस्पतालों में बढ़ेंगे 25 फीसदी सुरक्षाकर्मी नए कानून की संभावनाएं कम



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल केस के बाद अब सुरक्षा बढ़ाए जाने की तैयारियां हैं। खबर है कि सरकार केंद्र के अस्पतालों में सुरक्षाकर्मियों की संख्या में इजाफा करने की योजना बना रही है। हालांकि, इसे लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कह गया है। साथ ही सरकार अस्पतालों में डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए एक पैनल भी गठित करने वाली है। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट में स्वास्थ्य मंत्रालय के सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि सरकार ने सुरक्षा के लिए तत्काल सहयोग के लिए अस्पतालों में मार्शल की तैनाती के भी निर्देश दिए हैं। साथ ही केंद्र के अस्पतालों में 25 प्रतिशत सुरक्षाकर्मी बढ़ाए जा सकते हैं। खास बात है कि विरोध प्रदर्शन कर रहे डॉक्टर लगातार सरकार से कानून बनाए जाने की मांग कर रहे हैं। अखबार को सूत्रों ने बताया है कि स्वास्थ्यकर्मियों के खिलाफ हिंसा से निपटने के लिए नए केंद्रीय कानून की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा, आरजी कर घटना के आधार पर कानून ले आने से खास असर नहीं पड़ेगा, क्योंकि यह मरीज-डॉक्टर का केस नहीं है। रेप और हत्याएं मौजूदा कानूनों में शामिल हैं। उन्होंने बताया कि 26 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने पहले ही स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा के लिए कानून बना दिए हैं। पीटीआई भाषा के अनुसार, स्वास्थ्य मंत्रालय ने केंद्र के सभी सरकारी अस्पतालों में लागू किए जाने वाले सुरक्षा उपायों की सोमवार को एक सूची जारी की जिसमें प्रवेश और निकास पर कड़ी निगरानी रखना तथा रात में महिला स्वास्थ्यकर्मियों को लाने-ले जाने में सुरक्षा प्रदान करना शामिल हैं।

## ई-रिक्शा चालक ने पेश की ईमानदारी की मिसाल, महिला ने सगे भाई से पहले उसे बांधी राखी

**आगरा, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के आगरा में एक मुस्लिम ई रिक्शा चालक ने ईमानदारी की ऐसी मिसाल पेश की है। जिसके बाद एक महिला ने उसे अपना भाई बना लिया है। दरअसल, ग्वालियर की एक महिला अपने भाई को आगरा में राखी बांधने के लिए आई थी। ई-रिक्शा में वो अपना बैग भूल गई। जब ई-रिक्शा वाले ने उसका बैग देखा तो बैग को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने उस महिला का पता लगाया और उसका बैग उसे सौंप दिया। ई रिक्शा चालक की ईमानदारी और अपना बैग पाकर महिला बहुत खुश हुई। इसके बाद महिला ने थाने में अपने सगे भाई से पहले बैग लौटाने वाले ई-रिक्शा चालक को राखी बांधी और उसे सम्मानित किया। बता दें कि रक्षाबंधन के दिन सोशल मीडिया पर महिला और ई रिक्शा चालक अबरार अली की यह फोटो खूब वायरल हो रही है। रविवार शाम को ई रिक्शा चालक ने थाना रकाबगंज पर सूचना दी कि एक महिला ईदगाह से भगवान टाकीज के लिए उसके रिक्शे में बैठी थी। जल्दबाजी में उसका बैग रिक्शा में छूट गया है। महिला को काफी तलाशा, लेकिन वो नहीं मिली। इस पर चालक अबरार अली बैग को लेकर थाना रकाबगंज पहुंच गया। पता चला कि महिला ग्वालियर की रहने वाली है। पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी।

# 52 दिनों से चल रही अमरनाथ यात्रा संपन्न, 5 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने किए बाबा बर्फानी के दर्शन

**जम्मू, एजेंसी।** छड़ी मुबारक के साथ अमरनाथ तीर्थयात्रा सोमवार को संपन्न हो गई। इस वर्ष एक दर्जन से अधिक पर्वतीय बचाव दलों ने इस यात्रा में हजारों तीर्थयात्रियों की सहायता की। इस बार 5.10 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने गुफा मंदिर में पवित्र हिम शिवलिंग के दर्शन किए। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पर्वतीय बचाव दलों (एमआरटी) को 29 जून को तीर्थयात्रा शुरू होने से लगभग एक सप्ताह पहले 3,880 मीटर ऊंचे गुफा मंदिर की ओर जाने वाले दोहरे मार्गों पर तैनात किया गया था। इन दलों को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विजय कुमार ने हरी झंडी दिखाई। इन दलों में जम्मू-कश्मीर पुलिस, राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ), राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवान शामिल थे। आठ एमआरटी अनंतनाग जिले में 48 किलोमीटर लंबे पारंपरिक पहलगाम मार्ग पर महत्वपूर्ण स्थानों पर तैनात थीं, जबकि पांच एमआरटी गांदरबल जिले में छोटे लेकिन अधिक ढलान वाले 14 किलोमीटर लंबे बालटाल मार्ग पर तैनात थीं। एमआरटी के प्रभारी निरीक्षक राम सिंह ने मीडिया से कहा, ''दोनों मार्गों की लगातार दो बार की गई रेकी के बाद सभी 13 एमआरटी को 24 जून तक निर्धारित स्थानों पर तैनात कर दिया गया और उन्होंने 1,300 से अधिक जरूरतमंद तीर्थयात्रियों को बचाने में मदद करने के साथ ही यात्रा के दौरान 20,000 अन्य लोगों को ऑक्सीजन उपलब्ध कराई। मई 2008 में सिंह ने विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर चढ़कर इतिहास रच दिया था क्योंकि ऐसा करने वाले वह जम्मू-कश्मीर पुलिस के पहले कर्मी थे। उन्होंने कहा कि एमआरटी ने तीर्थयात्रियों को 20,000 से अधिक रेनकोट भी निःशुल्क वितरित किए। देश-विदेश से 5.10 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने यात्रा के दौरान गुफा मंदिर के दर्शन किए। एसडीआरएफ द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में तीर्थयात्री एमआरटी की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना करते हुए तथा यात्रा को यादगार बनाने के लिए बचावकर्मियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए दिखाई देते हैं। एमआरटी की सराहना करते हुए एक महिला तीर्थयात्री ने कहा, ''वे (एसडीआरएफ कर्मी) बहुत मददगार थे। उनकी मदद के लिए उनका विशेष धन्यवाद, अन्यथा मेरे लिए यात्रा करना संभव नहीं था। वहीं, एक अन्य यात्री ने कहा कि एसडीआरएफ की टीम मौजूद होने के कारण कोई चिंता नहीं थी और ''हमारे लिए वे हमारे भगवान का एक रूप हैं। छड़ी मुबारक रक्षाबंधन के अवसर पर श्रावण पूर्णिमा, सोमवार दोपहर गुफा मंदिर में पहुंची और इसके साथ ही अमरनाथ यात्रा संपन्न हो गई।



# मराठा आरक्षण का विरोध नहीं, सीएम शिंदे के हर फैसले के साथ हूं : देवेंद्र फडणवीस

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को कहा कि वह मराठा आरक्षण का विरोध नहीं करते हैं और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का जो भी फैसला होगा, वह उसका पालन करेंगे। उपमुख्यमंत्री फडणवीस ने यहां मीडियाकर्मियों से कहा, मैं मनोज जरांगे पाटिल से कहना चाहूंगा कि वह सीएम से खुद पूछ लें। अगर मुख्यमंत्री कहते हैं कि उनको मराठा समाज के लिए कोई निर्णय लेना था और उसमें मैंने अड़ंगा लगाया, उसी समय अपने पद से भी इस्तीफा दे दूंगा और राजनीति से भी संन्यास ले लूंगा। इस प्रकार की झूठी बातें फैलाने का कोई मतलब नहीं है। मराठा समाज के लिए किसी ने निर्णय लिया है तो वह मुख्यमंत्री के तौर पर मैंने लिया था या फिर शिंदे जी ने लिया है। मैं उनके हर फैसले के साथ खड़ा हूं। मैं और मुख्यमंत्री साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

भाजपा के दिग्गज नेता ने कहा, राज्य की सारी शक्तियां मुख्यमंत्री के पास होती हैं। सभी मंत्री मुख्यमंत्री के अधीन काम करते हैं। एकनाथ शिंदे और मैं साथ काम करते हैं। उन्हें मेरा पूरा समर्थन है। जरांगे-



पाटिल को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से मराठा कोटा पर जवाब देने के लिए कहना चाहिए। मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे पाटिल ने भाजपा नेता और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर मराठा समुदाय के आरक्षण में बाधा डालने का आरोप लगाया है। जरांगे-पाटिल ने हाल ही में आरोप लगाया था कि फडणवीस ने उनके लिए जाल बिछाया है और भाजपा तथा ओबीसी नेताओं की मदद ले रहे हैं। फडणवीस ने कहा कि उनके मुख्यमंत्रित्व काल के दौरान मराठा समुदाय को शिक्षा और नौकरियों में आरक्षण प्रदान करने वाला अधिनियम पारित किया गया था, लेकिन महा विकास अघाड़ी सरकार की निष्क्रियता के बाद उच्चतम न्यायालय ने इसे खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि महायुति सरकार पहले ही मराठा समुदाय को 10 प्रतिशत कोटा प्रदान करने वाला एक अधिनियम पारित कर चुकी है जो अब फैसले के लिए अदालत में लंबित है। इस बीच, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने फडणवीस का कड़ा बचाव करते हुए कहा कि फडणवीस ने मराठा समुदाय के लिए 10 प्रतिशत कोटा प्रदान करने वाला कानून लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा, विपक्ष नहीं चाहता कि मराठा समुदाय को आरक्षण मिले। जब फडणवीस मुख्यमंत्री थे, तब सरकार ने मराठा समुदाय के लिए कोटा प्रदान किया था। मराठा आरक्षण को लेकर फडणवीस के विरोध की बात पूरी तरह से गलत है। जरांगे-पाटिल के आरोपों में कोई सच्चाई नहीं है। जनता को लाभ पहुंचाने वाले सभी फैसले सर्वसम्मति से लिये गये हैं।

## बीजेपी जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव को लेकर पूरी तरह से सियासी मैदान में उतर चुकी है: रविंद्र राणा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राणा ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी जल्द ही उम्मीदवारों की सूची जारी करेगी और आगामी दिनों में केंद्र शासित प्रदेश में किस तरह से प्रचार-प्रसार को बढ़ाना है, इस दिशा में पूरी रूपरेखा को तैयार कर उसे जमीन पर उतारने का काम करेगी। इस बीच, जब उनसे पूछा गया कि क्या किसी नए उम्मीदवारों को भी मौका दिया जाएगा, तो इस पर उन्होंने कहा कि अभी हम इसको लेकर किसी भी प्रकार की टिप्पणी नहीं कर सकते हैं, लेकिन जब सूची जारी होगी, तो पूरी स्थिति खुद-ब-खुद स्पष्ट हो जाएगी। रविंद्र राणा ने कहा, बीजेपी जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव को लेकर पूरी तरह से सियासी मैदान में उतर चुकी है। यहां हमारे कार्यकर्ता चुनाव की तैयारियों में जुट चुके हैं। उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया भी चल रही है। इस संबंध में अपनी पार्टी के कार्यकर्ता विधायक के साथ लगातार व्यापक चर्चा कर रहे हैं। वैसे भी इन सभी विषयों पर चुनाव समिति में विस्तारपूर्वक चर्चा होती है, लेकिन अंतिम निर्णय केंद्रीय चुनाव समिति की ओर से लिया जाता है। यहां सभी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और बहुत जल्द ही बीजेपी जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नाम का ऐलान करेगी। आज इस संबंध में जम्मू-कश्मीर बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राणा की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें पार्टी के कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए, जिसमें आगामी विधानसभा चुनाव के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। लेकिन, अभी तक किसी भी बात को लेकर सहमति नहीं बन सकी है और जैसे ही बनेगी, तो उसे जमीन पर उतारा जाएगा। ध्यान दें, बीते दिनों चुनाव आयोग ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान किया था। घाटी में तीन चरणों मे चुनाव होंगे। अनुच्छेद 370 के निरस्त किए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर में पहली बार विधानसभा के चुनाव होने जा रहे हैं। इसे लेकर मतदाताओं में उत्साह देखने को मिल रहा है। बता दें कि 5 अगस्त 2019 को केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा प्रदान करने वाले अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया था।

# लेटरल एंट्री पर मचे सियासी बवाल के बीच अर्जुन राम मेघवाल ने कांग्रेस और सोनिया गांधी पर साधा निशाना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लेटरल एंट्री पर मचे सियासी बवाल के बीच कानून और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि कांग्रेस सरकार में मनमोहन सिंह और मोंटेक सिंह अहलूवालिया जैसे लोगों को प्रशासनिक भूमिकाओं में शामिल किया गया था।

उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी कह रहे हैं कि लेटरल एंट्री के जरिये आरएसएस कैडर को सिविल सेवाओं में शामिल करने की एक चाल है। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह भी लेटरल एंट्री का हिस्सा थे। डॉ. मनमोहन सिंह को 1976 में सीधे वित्त सचिव कैसे बनाया गया था? योजना आयोग के उपाध्यक्ष रहे मोंटेक सिंह अहलूवालिया भी लेटरल एंट्री का हिस्सा थे। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आए, तो उन्होंने पूछा कि क्या इसके लिए कोई व्यवस्था है। उदाहरण के लिए राष्ट्रीय सलाहकार परिषद का गठन किया गया और सोनिया गांधी को इसका अध्यक्ष बनाया गया। क्या यह कोई संवैधानिक पद है? आपने उन्हें प्रधानमंत्री से ऊपर रखा। लेटरल एंट्री की शुरुआत आपने की थी। पीएम मोदी ने इसे औपचारिक रूप से स्थापित किया। 2005 में प्रशासनिक सुधार



आयोग की रिपोर्ट जारी की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। आप 2004 से 2014 तक सत्ता में थे और कुछ नहीं किया। पीएम मोदी ने व्यवस्था को व्यवस्थित किया। उन्होंने कहा कि यूपीएससी उचित प्रक्रियाओं के माध्यम से भर्ती को संभालेगा। उन्होंने कहा कि, ये संयुक्त सचिव, निदेशक या उप सचिव जैसे अनुबंध आधारित पद हैं, जहां उम्मीदवारों को अपने क्षेत्र में विशेषज्ञ होना चाहिए। उदाहरण के लिए, किसी पर्यावरणीय मुद्दे को प्रासंगिक विशेषज्ञता वाले किसी व्यक्ति द्वारा प्रबंधित किया जाना चाहिए। यह एक खुली प्रक्रिया है, जहां कोई भी आवेदन कर सकता है। विभिन्न क्षेत्रों में पेशेवरों को लेटरल एंट्री के माध्यम से शामिल किया जाता है और एससी-एसटी, ओबीसी उम्मीदवार भी इसके माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। वहीं यूपीएससी की रिक्तियां अलग रहती हैं। विपक्ष का अचानक ओबीसी प्रेम उमड़ा है। ये लोग आरक्षण पर खतरे का अफवाह फैलाने में जुटे हुए हैं। वे एससी-एसटी और ओबीसी छात्रों को गुमराह कर रहे हैं। बता दें कि विभिन्न मंत्रालयों में सचिव और उपसचिव की नियुक्ति संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा के जरिए होती है। यह देश की सर्वाधिक कठिन परीक्षाओं में से एक है। प्रतिवर्ष इसमें लाखों अभ्यर्थी हिस्सा लेते हैं, लेकिन कुछ को ही सफलता मिल पाती है। वहीं, केंद्र सरकार ने लेटरल एंट्री की व्यवस्था करने का फैसला किया है। इसके अंतर्गत बिना यूपीएससी एग्जाम दिए अभ्यर्थी इन पदों पर दावेदारी ठोक सकते हैं। इसी को लेकर राजनीतिक संग्राम मचा हुआ है। विपक्षी दलों का कहना है कि इससे दलित, ओबीसी और आदिवासी समुदाय के लोगों के हितों पर कुठाराघात होगा। ऐसे में इस व्यवस्था को जमीन पर उतारने से बचना चाहिए।

साल 2018 में केंद्र सरकार ने इस व्यवस्था को लागू करने का फैसला किया था। जिसके अंतर्गत कोई भी अभ्यर्थी मंत्रालयों में सचिव और उप सचिव जैसे पदों को पा सकता है।

# रोहित भले ही बल्लेबाजी-गेंदबाजी भूल जाएं लेकिन गेमप्लान नहीं भूलते: विक्रम राठौड़



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व पुरुष बल्लेबाजी कोच विक्रम ने कप्तान रोहित शर्मा की नेतृत्व क्षमताओं की सराहना करते हुए कहा कि दाएं हाथ का बल्लेबाज अपना ऑन-फील्ड गेमप्लान कभी नहीं भूलता। भले ही उसे यह याद न हो कि उसने टॉस में पहले बल्लेबाजी चुनी थी या गेंदबाजी।

विराट कोहली का कार्यकाल समाप्त होने के बाद भारत के पूर्णकालिक कप्तान बनने के बाद से रोहित ने भारत को 2024 पुरुष टी20 विश्व कप और 2023 पुरुष एशिया कप जीतने के अलावा 2023 विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप और वनडे विश्व कप में उपविजेता बनाया है। राठौड़ ने फाइंड ए वे विद तरुवर कोहली पॉडकास्ट के एक एपिसोड में कहा कि वह भूल सकता है कि उसने टॉस के समय बल्लेबाजी या गेंदबाजी करने का फैसला किया है या टीम बस में अपना फोन और आईपैड, लेकिन वह अपना गेमप्लान कभी नहीं भूलता। वह इसमें बहुत अच्छे हैं और बहुत चतुर रणनीतिज्ञ हैं।

उन्होंने 29 जून को बारबाडोस में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 विश्व कप फाइनल में रोहित के रणनीतिक फैसलों को भी याद किया, जहां उन्होंने जसप्रीत बुमराह के ओवरों को तेजी से पूरा किया, जिसका अंत में फायदा मिला।

राठौड़ ने कहा कि वह एक कप्तान के रूप में सामरिक रूप से बहुत अच्छे हैं। टी20 वर्ल्ड कप फाइनल में उन्होंने बुमराह का ओवर जल्दी खत्म कर दिया था। बहुत से लोगों ने उस फैसले पर सवाल उठाए होंगे लेकिन उस फैसले ने हमें उस स्थिति में डाल दिया, जहां आखिरी ओवर में 16 रन की जरूरत थी। मैदान पर उनके लिए कई निर्णय अक्सर सटीक होते हैं।

राठौड़ जोकि सीनियर पुरुष चयन समिति के सदस्य भी रह चुके हैं, ने स्वीकार किया कि उन्हें अभी तक ऐसा कोई कप्तान नहीं मिला है जो रोहित की तरह खेल में डूबा हो। उन्होंने कहा कि उनकी पहली खूबी यह है कि एक बल्लेबाज के रूप में वह एक असाधारण खिलाड़ी हैं।

मुझे लगता है कि वह ऐसा व्यक्ति है जो अपने खेल को अच्छी तरह से समझता है। उनके पास हमेशा एक स्पष्ट गेम प्लान होता है। एक नेता के रूप में भी आपको आगे बढ़कर नेतृत्व करना होगा।

राठौर ने कहा कि वह एक खिलाड़ी के कप्तान हैं। उन्होंने खिलाड़ियों के साथ भारी निवेश किया है। किसी कप्तान को मैंने टीम मीटिंग या रणनीति में इतना शामिल होता नहीं देखा। वह टीम की रणनीति पर काफी समय बिताते हैं। वह गेंदबाजों की बैठक, बल्लेबाजों की बैठक का हिस्सा हैं। वह गेंदबाजों और बल्लेबाजों के साथ बैठकर यह समझने की कोशिश करना चाहते हैं कि वे क्या सोच रहे हैं। वह खिलाड़ियों के साथ काफी समय बिताते हैं।

## चोटिल मेसी अर्जेंटीना के विश्व कप क्वालीफायर मैचों से बाहर

**ब्यूनस आयर्स, एजेंसी।** अर्जेंटीना के कप्तान लियोनल मेसी चोट के कारण अगले महीने चिली और कोलंबिया के खिलाफ अपनी टीम के विश्व कप क्वालीफायर मैचों में नहीं खेल पाएंगे। 37 वर्षीय खिलाड़ी को सोमवार को एल्बीसेलेस्टे की 28 सदस्यीय टीम में शामिल नहीं किया गया, क्योंकि वह जुलाई में कोपा अमेरिका फाइनल में कोलंबिया पर अर्जेंटीना की जीत के दौरान लगी टखने की चोट से उबर रहे हैं। अनुभवी रिवर प्लेट के गोलकीपर फ्रेंको अरमानी को भी बाहर रखा गया, साथ ही रोमा के फारवर्ड पाउलो डायबाला को भी बाहर रखा गया। मिडफील्डर एजेक्विएल फर्नांडीज और स्ट्राइकर वैलेन्टिन कैस्टेलानोस को पहली बार बुलाया गया था, जबकि युवा प्रतिभाएं एलेजांद्रो गार्नाचो, वैलेन्टिन कार्बोनी, वैलेन्टिन बारको और मटियास सोल को भी शामिल किया गया है। अर्जेंटीना 5 सितंबर को ब्यूनस आयर्स में चिली से और पांच दिन बाद बैरेंक्विला में कोलंबिया से भिड़ेगा।



### बैडमिंटनः

## अश्मिता और मालविका जापान ओपन के पहले दौर में बाहर, महिला एकल में आकर्षी एकमात्र उम्मीद



**टोक्यो, एजेंसी।** भारत की तरफ से महिला एकल में आकर्षी कश्यप भी अपनी चुनौती पेश कर रही है। वह पहले दौर में दक्षिण कोरिया की किम गा यून का सामना करेंगी। भारत की अश्मिता चालिहा और मालविका बंसोड़ मंगलवार को जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के शुरुआती दौर में हारकर बाहर हो गईं। अश्मिता जहां चीनी ताइपे की शीर्ष वरीयता प्राप्त ताई त्जु यिंग से 16-21, 12-21 से हार गईं, वहीं मालविका को यूक्रेन की पोलिना बुहरोवा ने 23-21, 21-19 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। भारत की तरफ से महिला एकल में आकर्षी कश्यप भी अपनी चुनौती पेश कर रही है। वह पहले दौर में दक्षिण कोरिया की किम गा यून का सामना करेंगी। पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाले भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों में से कोई भी इस प्रतियोगिता में नहीं खेल रहा है।

## मौजूदा हालात में बांग्लादेश में अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट का आयोजन करना गलतः एलिसा हिली



**नई दिल्ली, एजेंसी।** महिला टी20 विश्व कप 2024 का आयोजन बांग्लादेश में होना है। लेकिन, वहां राजनीतिक उथल-पुथल और हिंसा का दौर जारी है। प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे और पलायन के बाद वहां की जो तस्वीरें सामने आई हैं, वे दहला देने वाली हैं। इस समय बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता बनी हुई है। जून से शुरू हुई हिंसा और अराजकता के कारण महिला टी20 विश्व कप का आयोजन खतरे में है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड इस मेगा आईसीसी टूर्नामेंट के आयोजन को लेकर तनाव में है। उसने सेना प्रमुख से मदद की गुहार लगाई है। इस बीच ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हिली ने इस मुद्दे पर खुलकर अपनी बात रखी। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने कहा है कि बांग्लादेश में आगामी टी20 विश्व कप का आयोजन करना गलत फैसला हो सकता है। बांग्लादेश में हाल ही में सरकार विरोधी आंदोलन हुए थे। फिलहाल हिंसा जारी है। लोगों से उनके जरूरी संसाधन छीन लिए गए हैं। यह सोचना भी कठिन लग रहा है कि वहां एक वैश्विक टूर्नामेंट का आयोजन सही फैसला होगा। वहां फिलहाल उन लोगों की ज़रूरत है, जो संघर्ष कर रहे लोगों की मदद कर सकें। उन्होंने कहा, इस समय मुझे ऐसा लग रहा है कि एक इंसान के रूप में वहां खेलना या इस टूर्नामेंट का आयोजन करना गलत होगा। हालांकि अंतिम फैसला आईसीसी का होगा। बांग्लादेश में हुए इन आंदोलनों के कारण आईसीसी को महिला टी20 विश्व कप के आयोजन स्थल के बारे में विचार करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। पहले भारत, श्रीलंका और यूएई को वैकल्पिक वेन्यू के रूप में चुना गया था। हालांकि, बीसीसीआई ने खुद को अलग कर लिया है। श्रीलंका को भी मौसम और अन्य कारणों से अलग कर दिया गया है। ऐसे में यूएई को एक वैकल्पिक वेन्यू के रूप में देखा जाने लगा है। वहीं, ज़िम्बाब्वे ने भी इस टूर्नामेंट के आयोजन में अपनी रुचि दिखाई है। आईसीसी ने अब तक इस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है।

## पहले ईस्पोर्ट्स ओलंपिक खेलों की मेजबानी करेगा सऊदी अरब, आईओसी का बड़ा एलान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) ने ईस्पोर्ट्स को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने के उद्देश्य से पहले ईस्पोर्ट्स ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए सऊदी अरब की राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के साथ साझेदारी की है। इससे पहले ओलंपिक कार्यकारी बोर्ड ने ईस्पोर्ट्स ओलंपिक खेलों की शुरुआत करने का प्रस्ताव रखा था, जिसके बाद आईओसी ने यह कदम उठाया।

यूएनआईवी स्पोर्टटेक के संस्थापक और एफईआई (फेडरेशन ऑफ ईस्पोर्ट्स एसोसिएशन इंडिया) के संस्थापक सदस्य अभिषेक इस्सर ने कहा, अब प्रत्येक देश ईस्पोर्ट्स को ओलंपिक पदक जीतने के अवसर के रूप में देखेगा। यह इस उद्योग के लिए बेहद महत्वपूर्ण कदम है। भारत इस क्षेत्र में तेजी से विकास करने में सक्षम है। ईस्पोर्ट्स श्रेणी में खिलाड़ी 2021 और 2022 के बीच चार गुना बढ़ गए (150,000 से 600,000 तक) और भविष्य के अनुमानों के अनुसार 2027 के अंत तक यह संख्या 15,00,000 तक पहुंच जाएगी।

## गौतम गंभीर की जगह लेंगे जहीर खान !



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान को इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में नई भूमिका में देखा जा सकता है। वह लखनऊ सुपर जायंट्स में गौतम गंभीर की जगह ले सकते हैं। आईपीएल 2024 से पहले गंभीर और लखनऊ का नाता टूट गया था। वह कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटर बने थे। टीम चैंपियन बनी। इसके बाद वह भारतीय टीम के कोच बन गए। अब रिपोर्ट्स हैं कि जहीर को लखनऊ सुपर जायंट्स का मेंटर बनाया जा सकता है। वह मुंबई इंडियंस की कोचिंग सेटअप का हिस्सा रहे हैं। क्रिकबज के अनुसार जहीर खान और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच मेंटर की भूमिका के लिए बातचीत चल रही है। इस फ्रेंचाइजी में बॉलिंग कोच की भी जगह खाली है। मोर्ने मोर्कल के भारतीय टीम का गेंदबाजी कोच बनने के बाद ऐसा हुआ है।

### जहीर को गौतम गंभीर की भूमिका के लिए विचार किया जा रहा

क्रिकबज के अनुसार आईपीएल के सूत्रों का कहना है कि जहीर को गौतम गंभीर की भूमिका के लिए विचार किया जा रहा है। वह लखनऊ सुपर जायंट्स के गेंदबाजों को भी मदद कर सकते हैं। वह खिलाड़ियों और फ्रेंचाइजी के प्रबंधन के बीच की कड़ी होंगे। लखनऊ सुपर जायंट्स के मालिक को खेल के प्रति बहुत भावुक माना जाता है।

पहले माना जा रहा था कि जहीर खान को भारतीय टीम की नई कोचिंग स्टाफ में जगह मिल सकती है। नए और उभरते हुए गेंदबाजों को देखते हुए उन्हें गेंदबाजी कोच बनाने की बात चल रही थी। जहीर जब खेलते थे तब भी भारतीय टीम में युवा तेज गेंदबाजों का मार्गदर्शन करने और उन्हें सलाह देने के लिए जाने जाते थे।

### जहीर को आईपीएल में कोचिंग का व्यापक अनुभव

भारतीय टीम के साथ जहीर खान नहीं जुड़ पाए,क्योंकि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने गंभीर की सिफारिश पर ही मोर्कल को प्राथमिकता दी।

जहीर को आईपीएल में कोचिंग का व्यापक अनुभव है। उन्होंने पहले मुंबई इंडियंस के साथ काम किया है। लखनऊ सुपर जायंट्स से जुड़ने पर जहीर मुख्य कोच जस्टिन लैंगर के अलावा एडम वोजेस, लांस क्लूजनर और जोंटी रोड्स के साथ काम करेंगे।

### जहीर के 100 आईपीएल मैचों का अनुभव

45 वर्षीय जहीर ने भारत के लिए 92 टेस्ट, 200 वनडे और 17 टी20 मैच खेले हैं। उन्होंने 100 आईपीएल मैच भी खेले हैं। इसमें उन्होंने दिल्ली डेयरडेविल्स (अब दिल्ली कैपिटल्स), रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (अब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु) और मुंबई इंडियंस का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने अपना आखिरी आईपीएल मैच 2017 में खेला था।

## बिग बैश लीग में नहीं दिखेगा अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान का जलवा



**काबुल, एजेंसी।** अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के स्टार स्पिनर राशिद खान ने बिग बैश लीग 2024 में नहीं खेलने का फैसला किया है। इस लीग की शुरुआत 15 दिसंबर से होगी और राशिद खान लगातार दूसरे साल बीबीएस से बाहर रहेंगे।

पिछले सीजन में राशिद खान इंजरी की वजह से इसमें नहीं खेल पाए थे, लेकिन ऑस्ट्रेलियाई एसोसिएटेड प्रेस के अनुसार इस बार उन्होंने अपने व्यस्त कार्यक्रम की वजह से खेलने से मना कर दिया है। बिग बैश लीग टूर्नामेंट के आयोजकों के द्वारा सोमवार को बीबीएस ड्राफ्ट जारी की गई और इसमें विदेशी खिलाड़ियों की पहली सूची में राशिद खान का नाम नहीं था। इस बार लगभग 600 खिलाड़ियों ने बीबीएल और महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) के ड्राफ्ट के लिए खुद को नामांकित किया है जो एक सितंबर को होने वाला है। इस ड्राफ्ट में पहले जिन 10 विदेशी खिलाड़ियों के नाम जारी किए गए उसमें राशिद खान का नाम नहीं था। राशिद खान के बिग बैश लीग में नहीं खेलने की खबर अब सामने आई है, लेकिन इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने जब अफगानिस्तान के साथ द्विपक्षीय क्रिकेट खेलने से इनकार किया था तब राशिद ने इस लीग का बहिष्कार करने की धमकी दी थी।

ऑस्ट्रेलिया ने तालिबान शासन के तहत बिगड़ते मानवाधिकारों का हवाला देते हुए अफगानिस्तान के खिलाफ टी-20 सीरीज स्थगित कर दी थी, जिसे अगस्त 2024 की शुरुआत में खेला जाना था।

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने नवंबर 2021 में इस टीम के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच और फिर पिछले साल वनडे सीरीज में खेलने से मना कर दिया था। हालांकि एएपी ने कहा है कि बीबीएस के आयोजकों ने साफ कर दिया है कि राशिद खान अपने व्यस्त शेड्यूल की वजह से इस लग से हटे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि एपी को बताया गया है कि आयोजकों को राशिद खान के विचारों से कोई समस्या नहीं है और वो अगली गर्मियों में इस लीग में अफगानिस्तान के स्पिनर का स्वागत करेंगे। राशिद खान ने 2017-2023 के बीच एडिलेड स्ट्राइकर्स के लिए 68 मैच खेले और 98 विकेट लिए।

### सैफ अंडर-20 फुटबॉल चैम्पियनशिप

## 2 रेड कार्ड, लेकिन नहीं मानी हार, भारत ने महज 9 खिलाड़ियों से भूटान को हराया



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत ने सैफ अंडर-20 फुटबॉल चैम्पियनशिप का आगाज शानदार अंदाज में किया. टीम इंडिया ने भूटान को 1-0 से हराया. इस मैच का इकलौता गोल मोनिरुल मोल्ला ने किया. दरअसल, भारत को 69वें मिनट के बाद नौ खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा.

भारत के 2 खिलाड़ियों को रेड कार्ड के कारण मैदान से बाहर जाना पड़ा. लेकिन भारत ने भूटान पर अपना दबदबा बनाए रखा. भारत के लिए मोनिरुल मोल्ला के 37वें मिनट में हेडर से गोल दागा. इस गोल के बाद भूटानी खिलाड़ी दबाव में आ गए. वहीं, भारत के खिलाड़ियों ने पहले गोल के बाद दबाव को अंत तक बनाए रखा.

इस बीच दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच झड़प हो गई. जिसके बाद रेफरी ने तीन खिलाड़ियों को रेड कार्ड दे दिया. जिसमें भारत के 2 और भूटान के 1 खिलाड़ी शामिल थे. इस तरह भूटान के पास एक अतिरिक्त खिलाड़ी था और उसने इसका फायदा उठाने की भी कोशिश की लेकिन भारतीय डिफेंस ने मंसूबों पर पानी फेर दिया. वहीं, इस जीत के बाद भारतीय टीम को 3 प्वॉइंट्स मिले. दरअसल, इस मैच की शुरूआत से ही भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा देखने को मिला. भारत के खिलाड़ियों ने कई मौके बनाए, लेकिन भूटान के गोलकीपर लोचो नीमा ने अच्छा बचाव किया.

भारत के लिए पहला गोल 37वें मिनट में आया. जब मोनिरुल मोल्ला ने केल्विन सिंह की कॉर्नर किक पर हेडर से खूबसूरत गोल किया. वहीं, इस मैच के दौरान भूटान के किनले गेल्त्शेन तथा भारत के परमवीर सिंह और वनलालपेका गुइटे आपस में उलझ गए. जिसके बाद रेफरी ने उन्हें रेड कार्ड दिखाकर बाहर का रास्ता दिखा दिया.

भारत 69वें मिनट के बाद महज 9 खिलाड़ियों के साथ खेलता रहा, लेकिन भूटानी खिलाड़ी फायदा नहीं उठा सके. इस तरह भारतीय टीम ने जीत के साथ टूर्नामेंट का शानदार अंदाज में आगाज किया.

## इस बल्लेबाज़ ने असंभव को बनाया संभव...



**नई दिल्ली, एजेंसी।** टी20 इंटरनेशनल में नया वर्ल्ड रिकॉर्ड कायम हो गया. अब तक टी20 इंटरनेशनल के एक ओवर में सिर्फ 36 ही रन बने थे. अब यह आंकड़ा 39 रनों तक पहुंच गया. टी20 इंटरनेशनल के एक ओवर में 39 रन...सुनने में असंभव सा लगता है, लेकिन यह संभव हो गया. यह कारनामा पुरुष टी20 विश्व कप उप क्षेत्रीय पूर्वी एशिया-प्रशांत क्वालीफायर ए 2024 में हुआ, जहां समोआ के बल्लेबाज डेरियस विस्सर ने एक ओवर में 6 छक्के लगाने के साथ कुल 39 रन बनाए. पारी के 15वें ओवर में डेरियस विस्सर ने 39 रन जड़ने का कारनामा किया. डेरियस ने कुल 6 छक्के लगाए, जबकि बाकी 3 रन नो बॉल के ज़रिए आए. इस तरह 1 ओवर में 39 रन बनने का कारनामा हुआ.

- 6 छक्के और 1 ओवर में बना दिए 39 रन

ओवर की शुरुआती तीन गेंदों पर डेरियस विस्सर ने वानुअतु के निपिको को लगातार तीन छक्के जड़ दिए. फिर चौथी गेंद नो बॉल हुई, जिससे 1 रन मिला. फिर अगली गेंद पर डेरियस ने एक और छक्का लगा दिया. फिर ओवर की पांचवीं गेंद डॉट रही. इसके बाद छठी गेंद नो बॉल हुई, जिस पर एक रन आया. अगली गेंद फिर नो बॉल फेंक दी, जिस पर छक्का लगा और फिर आखिरी फ्री हिट गेंद पर भी छक्का देखने को मिला. इस तरह एक ओवर में 39 रन बनने का कमाल हुआ.

### डेरियस विस्सर ने शतकीय पारी खेलकर टीम को दिलाई जीत

मैच में पहले बैटिंग करते हुए समोआ की टीम 20 ओवर में 174 रनों पर ऑलआउट हो गई. टीम के लिए डेरियस विस्सर ने सबसे बड़ी पारी खेलते हुए 62 गेंदों में 5 चौके और 14 छक्कों की मदद से 132 रन बनाए. फिर लक्ष्य का पीछा करने उतरी वानुअतु की टीम 20 ओवर में 164/9 रन ही बना सकी.

## विनेश फोगाट को मिला 16 करोड़ से ज्यादा का इनाम?

### पति सोमवीर राठी ने बताया सच



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रेसलर विनेश फोगाट ने पेरिस ओलंपिक में वूमेन्स 50 किलो फ्रीस्टाइल कुश्ती के फाइनल में पहुंचकर इतिहास रचा था. पहली बार कोई भारतीय रेसलर फाइनल में पहुंची थी. फाइनल में विनेश से गोल्ड की उम्मीद थी, मगर उससे पहले ही अनहोनी हो गई. विनेश को 100 ग्राम ज्यादा वजन के चलते फाइनल मुकाबले के दिन डिस्क्वालिफाई कर दिया गया था.

विनेश फोगाट ने इस फैसले के खिलाफ कोर्ट ऑफ अर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट में अपील की और मांग की कि उन्हें संयुक्त रजत पदक दिया जाए. हालांकि स्टार रेसलर विनेश फोगाट की अपील खारिज कर दी थी. विनेश मेडल ना जीत पाईं, लेकिन उनका स्वदेश लौटने पर चैम्पियन जैसा स्वागत हुआ था. विनेश 17 अगस्त को पेरिस से स्वदेश वापस आई थीं. विनेश दिल्ली से अपने पैतृक गांव बलाली गई हैं.

**विनेश को लेकर किया गया था ये दावा, पति ने बताई सच्चाई:** विनेश फोगाट पेरिस ओलंपिक में अपने शानदार प्रदर्शन के चलते सोशल मीडिया में छाई हुई हैं. विनेश को लेकर एक पोस्ट वायरल हुआ है, जिसमें इस भारतीय रेसलर को इनामी राशि के तौर पर विभिन्न संगठनों से करीब 16.35 करोड़ रुपये मिलने का दावा किया गया. ये पोस्ट सुभाष फौजी नाम के एक यूजर ने एक पोस्ट शेयर किया था.

अब उस दावे का विनेश फोगाट के पति सोमवीर राठी ने खंडन किया है. सोमवीर ने अपने X अकाउंट पर लिखा, निम्नलिखित संस्थाओं, व्यापारियों, कंपनियों और पार्टियों द्वारा विनेश फोगाट को कोई धनराशि प्राप्त नहीं हुई है. आप सभी हमारे शुभचिंतक लोग हैं, कृपया झूठी खबरें न फैलाएं. इससे हमारा नुकसान तो होगा ही.

# आवारा मवेशियों के रोकथाम हेतु अधिकारियों की देखरेख में 15 दिन तक चलेगा अभियान



**पन्ना।** वैसे तो मध्यप्रदेश सरकार के मुखिया डॉ. मोहन यादव आवारा पशुओं व गायों के सुरक्षा को लेकर सख्त कदम उठाये जाने को लेकर मंशा सामने आई थी। पर वही हालात जमीनी स्तर पर असरकारी फरमान न होने के कारण आज भी सड़कों में गायों का बसेरा मजबूरी के हालात के चलते जाना जाता है। जहां अधिकत्तर गायों सड़क हादसों का शिकार असमायिक हो जाती है। मामला जो हो पर गौमाता की सुरक्षा को लेकर उम्मीदें तो सामने आई थी। पर हालात आज भी दयनीय है। नगर हो या कस्बे गायों की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। सड़कों में ही गुजारा माने तो अतिश्योक्ति नहीं। कहने को तो गौशालायें बनाई गई संचालित भी की जा रही है फिर आवारा रूप में मवेशी या गायें सड़को में गुजारा करने के लिए मजबूर क्यो? वहीं मध्यप्रदेश में प्रमुख सड़कों में कुछ हादसे होने के कारण जहां स्वयं चीफ सिकेटरी ने संज्ञान में लेकर आवारा मवेसियों के नियंत्रण के लिए 15 दिन तक अभियान पांच सीनियर आईएएस अधिकारियों के देखरेख में चलाये जाने का निर्णय लिया है। सड़कों पर आवारा मवेशियों के बैठने से रोकने बनाई गई नई समिति का अध्यक्ष गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव जहां एस.एन. मिश्रा साहब को बनाया गया है। साथ ही अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को समिति के सदस्य के रूप में बनाया गया जिसमें पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग लोक निर्माण विभाग, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के प्रमुख सचिवों का सदस्य बनाया गया। इतना ही नहीं शहरी आवास एवं विकास विभाग समिति के सदस्य प्रमुख सचिव यह दास्ता हाईबे पर हादसों का शिकार हो रहे मवेशियों के कारण सामने आई है जहां पशुपालन एवं डेयरी विभाग ने एक महीनें में एमपी की 6 प्रमुख शहरों से निकलने वाली हाईबे पर हादसों में 93 गायों की मौत साथ ही 295 गायों की घायल होने की दास्ता वहीं यह हादसे भोपाल, रायसेन, विदिशा सिहारे, देवास और राजगढ़ जिलों से जुड़े हाईबे पर हुए। बताया जा रहे है कि यह तो कहीं न कहीं पशुपालन विभाग की रिपोर्ट की दास्ता है। पर पन्ना जैसे जिले में भी जहां नगर हो या कस्बे या हाईबे या अन्य मुख्य सड़कें गौमाता सड़कों में गुजारा करने के लिए मजबूर है। आखिर मध्यप्रदेश सरकार के मुखिया ने फरमान जारी किया था कि गायों की सुरक्षा को लेकर सख्त कदम उठाये जाने का वह जमीनी स्तर पर असरकारी क्यों नहीं हो पा रहा। आखिरकार किसकी गायें कितनी आवारा गायें गौशालाओं में प्रशासन इन गायों को रखने के लिए गंभीर क्यों नहीं। क्या इसी तरह सड़क हादसों में असमायिक मौतों को लेकर गायों को सड़कों में ही बसेरा करने के लिए या गुजारा करने के लिए उचित माना जा रहा है वैसे तो जिले के संवेदशील कलेक्टर सुरेश कुमार ने गौचर भूमि से अतिक्रमण हटाकर गायों की सुरक्षा के लिए गौशालाओं में रखने तथा उनके गुजारे के लिए गौचर भूमि का उपयोग किया जाना माना जा रहा था पर आज भी सड़कों में ही गायें के हालात रात्रि व्यतीत करने के देखने को मिलते है क्या लिया जायेगा संज्ञान ताकि जिले में गायों की सुरक्षा या आवारा पशुओं की सुरक्षा का पालन कराये जाने को लेकर दिशा तय हो सके। वहीं लोगों की सोच में जो गौपालक है इनके प्रति भी सख्त कदम उठाये जाना लाजमी है।

# जिला पंचायत में सरपंचों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया



**पन्ना।** पंचायती राज व्यवस्था अंतर्गत जिला पंचायत कार्यालय पन्ना में जिले के अनुसूचित जनजाति वर्ग, अनुसूचित जाति वर्ग, महिला सरपंचो एवं अन्य इच्छुक सरपंचों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया, जिसमें सरपंचों को उनके अधिकारों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में जिले के 104 ग्राम पंचायत के सरपंच उपस्थित हुए। ग्राम पंचायत की संरचना, शक्तियां एवं कार्य तथा सरपंच की शक्तियां एवं कर्त्तव्य के बारे में विस्तार से प्रस्तुतीकरण सीईओ जिला पंचायत संघ प्रिय द्वारा दिया गया। ग्राम पंचायत के पास उपलब्ध राशि के व्यय की प्रक्रिया एवं व्यय करने में सरपंचों की भूमिका के संबंध में जानकारी दी गई। सरपंचों को समझाया गया कि ग्राम पंचायत का संचालन वे स्वयं करें, किसी अन्य प्रतिनिधि को अपने अधिकारों का दुरुपयोग न करने दें। प्रशिक्षण में शासन द्वारा संचालित की जाने वाली योजनाओं की जानकारी एवं योजनाओं के क्रियान्वयन में ग्राम पंचायत की भूमिका के बारे में अवगत कराया गया। सरपंचों को उपयोगी और गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य स्वीकृत करने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया एवं स्वयं के आय के स्रोत बढ़ाने हेतु साधनों को विकसित करने का निर्देश दिया गया। ग्राम पंचायत कार्यालय में संधारित किए जाने वाले अभिलेखों की जानकारी सभी सरपंचों को दी गई। ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत किए जाने वाले नवीन निर्माण कार्यों की प्रक्रिया के बारे में सभी को बताया गया एवं पंचायत में प्रगतिरत निर्माण कार्यों की निगरानी के संबंध में निर्देशित किया गया। ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यरत सभी विभागों के कर्मचारियों की मॉनिटरिंग के लिए सरपंचों को अवगत कराया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे परमार एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष संतोष यादव द्वारा किया गया। प्रशिक्षण में सीईओ जिला पंचायत संघ प्रिय सहित अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी, परियोजना अधिकारी पीयूष मिश्रा एवं संजय परिहार, मास्टर ट्रेनर प्रतीक तिवारी भी उपस्थित रहे।

# श्रावण कृष्ण पंचमी से महामति श्री प्राणनाथ मंदिर में ब्रह्म ज्ञान बीतक कथा का श्रवण कर रहे सुंदरसाथ



**पन्ना।** श्री पांच पदमावतीपुरी धाम पन्ना में श्रावण कृष्ण पंचमी से श्री कृष्ण जन्माष्टमी तक पन्ना के प्रसिद्ध महामति श्री प्राणनाथ मंदिर में ब्रह्म ज्ञान बीतक कथा का वाचन व भावार्थ बंगला जी दरबार साहिब में प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक किया जा रहा है। ज्ञात हो कि उक्त परंपरा आज से लगभग चार सौ वर्ष से अधिक पुरानी है, जो निरंतर जारी है। इस ब्रह्म ज्ञान कथा का श्रवण करने स्थानीय प्रणामी समाज के लोगों के साथ-साथ देश के कई प्रांतों से श्रद्धालु आते हैं और परना जी में ही रहकर पूरे एक माह कथा श्रवण कर अपने आपको धन्य महसूस करते हैं। इस वर्ष बीतक ब्रह्म आत्म ज्ञान की कथा का भावार्थ भक्तों को धर्मोपदेशक पंडित अनिरुद्ध शर्मा द्वारा बताया जा रहा है। कथा का वाचन विक्रम शर्मा द्वारा किया जा रहा है।

**कथा में आज होगा महाराजा छत्रसाल और महामती प्राणनाथ जी का मिलन**

श्रावण कृष्ण पंचमी से चल नहीं अभी तक कथा में सोमवार रक्षाबंधन के दिन महामती प्राणनाथ जी और महाराजा छत्रसाल जी का मिलन का प्रसंग आएगा। जिसमें यह बताया जाएगा की गुरु शिष्य का मिलन कैसे होता है और फिर से अपने गुरु के लिए तन मन धन से कैसे समर्पित होते हैं।

### भाई-बहनों के बीच अटूट प्यार का पर्व रक्षा बंधन

# बहनों ने भाई की कलाई में रक्षा सूत्र बांधकर मनाया रक्षा बंधन पर्व



**पन्ना।** श्रवण मास की पूर्णिमा तिथि के दिन अक्सर रक्षा बंधन का पर्व जहां भाई की कलाई में भाई की सुरक्षा व उसके जीवन में प्रगति तथा प्यार को निछावर बहनें करती है। रक्षा सूत्र के रूप में राखी बांधकर वहीं भाई भी अपनी बहिन की सुरक्षा व प्यार को लेकर संकल्प लेते है। इस तरह से रक्षा बंधन का पर्व जो भाई बहन के अटूट प्यार को लेकर देश में जाना जाता है। जो प्रतिवर्ष की तरह आज भी श्रवण मास की पूर्णिमा के दिन जहां बहनों ने भाईयों की कलाईयों में रक्षा सूत्र बांधकर रखी के पर्व को प्यार भरे दुलार के साथ मनाया।

रक्षा बंधन का पर्व जहां इसे भाई-बहिन के बीच का प्यार व सम्मान के प्रतीक के तौर पर जाना जाता है। विशेषकर त्यौहारों में रक्षा बंधन का त्यौहार जो भाई-बहिन के अटूट प्यार को लेकर जाना जाता है। वहीं इसकी दास्ता रक्षा बंधन को लेकर कृष्ण द्रोपती से जुड़ी कहानी कुछ लोग मानते है जहां द्रोपति ने अपनी सड़ी के आंचल को चीर कर उनकी उंगली पर पट्टी बांधी थी यानि की कन्हैया को साथ ही देवराज इन्द्र से भी जुड़ा इतिहास माना जाता है। युद्ध में देवराज इन्द्र की रक्षा के लिए उनकी बहिन इन्द्राणी ने अपने तपोबल से एक रक्षा सूत्र तैयार किया था और देवराज इन्द्र की कलाई पर बांध दिया इस रक्षा सूत्र से वह युद्ध में विजयी हुए तभी से बहिने अपने भाईयों की रक्षा के लिए उनके कलाई में रक्षा सूत्र के नाम पर राखी बांधती है। रक्षा बंधन जिसे राखी के नाम से जाना जाता है। एक प्रिय हिन्दू त्यौहार है जो भाई-बहनों के बीच अनूठे बधंन प्यार व सम्मान को लेकर रक्षा बंधन शब्द दो संस्कृत शब्दों से लिया गया है रक्षा। जिसका अर्थ है सुरक्षा और बधंन जिसका अर्थ है बांधना इसलिए यह त्यौहार सुरक्षा की गांठ या बंधन का प्रतीक बहने अपने भाई की कलाई में रक्षा सूत्र के नाम पर राखी बांधकर उसके जीवन की सुरक्षा की कामना करती है। वहीं भाई भी अपनी बहनों को उनके जीवन में प्यार व सुरक्षा को लेकर अपना संकल्प सम्मान के साथ याद रखते हुए जीवन में पालन करने के लिए दायित्व भरे बोध के साथ कर्तव्य परायण की दिशा को लेकर अपना संकल्प स्वयं लेते है। रक्षा बंधन का पर्व प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी जहां भाई बहिन के अटूट प्यार का पर्व बड़े उत्साह के साथ मनाया गया।

# प्रधानमंत्री आवास योजना से नीतू द्विवेदी को मिला पक्का आवास

**शहडोल।** हर व्यक्ति की मूलभूत आवश्यकताओं में भोजनए पानी और आवास शामिल हैंए दैनिक मजदूरी करने वालों तथा छोटी आय वाले व्यक्तियों को पक्का आवास बनाना बहुत कठिन है। कई गरीबों की पीढ़ियां पक्के आवास की आस में गुजर गईं। लेकिन अब प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना शहर के गरीबों के लिए पक्का आवास बनाने का सपना पूरा करने का साधन बन गई है। कई गरीब परिवारों को शहडोल नगरपालिका में प्रधानमंत्री आवास योजना से पक्के आवास की सुविधा मिली है। नगरपालिका शहडोल के वार्ड नंण् 23 के श्रीमती नीतू द्विवेदी को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान मिला है। श्रीमती नीतू द्विवेदी का कहना है कि पहले हम अपने परिवार के साथ झोपडी में रहती थीए जिससे तेज बारिश होने पर मकान के छप्पर से कई जगह पानी टपकता थाए पॉलीथिन शीट से ढककर घर गृहस्थी के सामान को पानी से बचाना पड़ता था। अधिक वर्षा होने पर मकान के गिरने का भी डर मन में बना रहता था। सांप.बिच्छू जैसे जहरीले कीड़े कई बार छप्पर से गिरकर भयभीत कर देते थे। इन सब कठिनाईयों को प्रधानमंत्री आवास योजना ने दूर किया है। उन्होंने कहा कि मुझे प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान मिला है और मै अपने परिवार के साथ अच्छे से रह रही हूं।

# किसान ने किया था ऋण का पैसा जमा, बैंक के कर्मचारियों ने किया फर्जीवाडा, रसीद होने के बावजूद बताया जा रहा कर्जा

**पन्ना।** मध्यप्रदेश कि भाजपा सरकार भले ही किसानों के प्रति कितना भी कार्य करने का ढींढोरा पीट ले। अपने आप को किसान हितैसी सरकार बता दे। लेकिन जमीनी हकीकत पर कुछ और ही नजर आता है। सरकार के मुलाजिम कहे जाने वाले कर्मचारी ही जनता का शोषण करते है। एक ऐसा ही मामला पन्ना जिले की रैपुरा तहसील मुख्यालय में स्थित जिला सहकारी केंद्रीय बैंक का सामने आया है। जहां पर पुरैनी निवासी किसान सुरेश कुमार पिता लल्लू सिंह लोधी का मामला सामने आया है। जिनका कहना है कि, वर्ष 2019 और 2021 में उनके द्वारा आठ हजार छ: सौ उन्सठ रुपये और पांच हजार दो सौ छ: रुपये की राशि का ऋण लिया गया था। जिसका पैसा मैंने 2019 में ही अग्रवाल बाबू को जमा कर दिया था। जिसका रसीद क्रमांक 72254 है। और 2021 का पैसा मैंने नरेश लोधी को जमा किया था जिसकी रसीद क्रमांक 90438 है। लेकिन अभी भी यह पैसा ऑन लाइन नही दिखा रहा है। और बैंक के द्वारा यह बोला जा रहा है कि आपने पैसा जमा नहीं किया है। अगर मैंने पैसा जमा नही किया था तो अभी तक मेरा लेनदेन कैसे चालू रहा। मुझे बैंक ने डिफाल्टर क्यों घोषित नही किया। जाहिर सी बात है की बैंक में बहुत लापरवाही बरती जा रही है। और जो मेरी बकाया राशि बताई जा रही है। लगता है वर्तमान रहे सहबों ने राशि का गवन किया है। संबंधित किसान ने मामले की जांच कराने तथा दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।

# पौधे भी हमारे परिवार का हिस्सा, रक्षासूत्र बांधकर मनाया राखी का त्यौहार



**पन्ना।** बृक्ष हमेशा से ही हमसारे समाज में पूजनीय रहे है लेकिन ''एक पेड़ मां के नाम '' एक पेड, एक जिन्दगी '' और भी अभियान चल रहे है लेकिन इसकी सफलता के लिये बहनो ने अपना भाई बनाया है उसकी रक्षा करने की जिम्मेदारी ली है। इतना बड़ा बदलाव समाज में पहली बार देखने को मिल रहा है। आज ग्राम पंचायत जरधोवा के जल दर्शन परिसर में लगे पौधो के रक्षासूत्र बाधकर रक्षा करने की जिम्मेदारी अंजना, मुन्नीलाल एवं प्रीतम विश्वकर्मा के साथ ग्राम जल एवं स्वच्छता तदर्थ समिति ने लिया।

# आशीष यादव बनाये गए कांग्रेस कमेटी झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष



**अजयगढ़।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी जी के आदेशानुसार एवं झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष निकेश चौहान जी एवं प्रदेश महामंत्री प्रभारी श्री जे0 पी0 धनोपिया जी के अनुमोदन पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष श्री मकसूद जी के द्वारा पन्ना जिले का जिला अध्यक्ष आशीष यादव को नियुक्त किया गया जिसमे जिले एवं ब्लाक के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा बधाई दी गई बधाई देने बालों में जिला अध्यक्ष श्री शिवजीत सिंह भैया राजा जी, पूर्व अध्यक्ष दिव्या रानी जी, कार्यकारी अध्यक्ष अनीश खान जी, जिला उपाध्यक्ष मनीष मिश्रा जी, भारतमिलन पांडे जी, मीना सिंह यादव जी, दादूराम मिश्रा जी, राकेश गर्गजी, दीप चंद्र अग्रवाल जी, दीपक तिवारी जी, रेहान मोहम्मद जी, वैभव थापक जी, रवि यादव जी, हाकिम सिंह बुंदेला जी, अबरार खान जी केसरी अहिरवार, आनंद शुक्ला, शंकर दुबे ,स्वतंत्र अवस्थी , कदीर खान सहित सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने बधाई दी।

# 24 से 26 अगस्त 2024 तक भक्ति पर्व का किया जाएगा आयोजन

### भक्ति पर्व के आयोजन हेतु नोड़ल अधिकारी नियुक्त

**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने आदेश जारी कर कहा है कि 24 से 26 अगस्त 2024 तक श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर भक्ति पर्व का आयोजन प्रदेश के विभिन्न स्थलों पर आयोजित किये जाएगे। जारी आदेष में कहा गया है कि 24 से दिनांक 26 अगस्त 2024 तक भक्ति पर्व में विशेष रूप से श्री कृष्ण केन्द्रित रासलीला, स्थानीय बोली में कृष्ण गायन एवं भक्ति गायन की प्रस्तुतियां संयोजित की जायगी । साथ ही कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने जिला अंतर्गत वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए शहडोल स्थित ऑटीटोरियम में 03 दिवसीय भक्ति पर्व के सफल आयोजन हेतु श्री भागीरथी लहरे, डिप्टी कलेक्टर, जिला शहडोल (मो.न.- 9425465202) को नोडल अधिकारी तथा श्री अक्षत बुन्देला, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, शहडोल (मो.न.- 7748810001) को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

## आवारा मवेशियों को भिजवाया गया गौशाला

**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के मार्गदर्शन एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी शहडोल श्री अक्षत बुंदेला के निर्देशन में शहडोल नगरपालिका अंतर्गत सड़कों में घूम रहे आवारा मवेशियों को प्राथमिकता के साथ गौशालाओं में भिजवाया जा रहा है। इसी कड़ी में कॉउ केचर द्वारा शहडोल नगर के लल्लू सिंह चौराहा सहित अन्य स्थानों से आवारा मवेशियों को गौशाला भिजवाया गया है।

## कमिश्नर कार्यालय में आयोजित हुई जनसुनवाई

**शहडोल।** कमिश्नर कार्यालय के सभागार में आज साप्ताहिक जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में उपायुक्त राजस्व श्रीमती निमिषा पाण्डेय ने शहडोल संभाग के दूर-दराज क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी तथा निराकरण के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में शहडोल के बलपुरवा वार्ड नं. 24 निवासी श्री बीरेंद्र नाथ चौहान ने आवेदन देकर बताया कि मै प्राथमिक शाला जरवाही संकुल केंद्र छतवई में पढाता था और वर्ष 2022 में सेवानिवृत्ति हो चुका हूं। उन्होंने बताया कि मेरा अभी तक अर्जित अवकाश के पैसे का भुगतान नही किया गया है जिससे मुझे काफी दिक्कत होती है। उनका कहना था कि मेरे अर्जित अवकाश का पैसे का भुगतान करवा दिया जाए।

# कलेक्टर ने सुनी लोगों की शिकायतें, निराकरण के दिए निर्देश

## कलेक्टर कार्यालय में आयोजित हुई जनसुनवाई

**शहडोल**

कलेक्टर डॉ केदार सिंह की उपस्थिति में आज कलेक्टर कार्यालय के सोन सभागार में साप्ताहिक जनसुनवाई आयोजित हुई। जनसुनवाई में कलेक्टर डॉ केदार सिंह ने जिले के दूर-दराज के क्षेत्रों से आए हुए लोगों की शिकायतें एवं समास्याएं सुनी तथा निराकरण के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए।



जनसुनवाई में द्रोपती सिंह निवासी ग्राम पचड़ी, ददरा टोला विकासखण्ड सोहागपुर जिला शहडोल ने आवेदन देकर बताया कि मेरी दशवीं एवं बारहवीं की अंकसूची में मेरा नाम द्रोपदी सिंह दर्ज है तथा मेरे आधार कार्ड में द्रोपती सिंह गोड़ दर्ज हैं। जबकि मेरा सही नाम द्रोपती सिंह है। उन्होनें बताया कि मैंने कई बार आधार कार्ड के नाम में सुधार करवाया है लेकिन फिर भी मेरे आधार कार्ड में नाम अभी तक नहीं सुधर पाया है। उनका कहना था कि उनके आधार कार्ड में सही नाम द्रोपती सिंह दर्ज करवा दिया जाए। जिस पर कलेक्टर डॉ केदार सिंह ने संबंधित विभाग के अधिकारी की ओर आवेदन प्रेषित करते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

इसी प्रकार जनसुनवाई में रामलली नट पति स्वर्गीय श्री संतोष नट निवासी ग्राम पंचायत खरला जनपद पंचायत बुढ़ार ने आवेदन देकर बताया कि मेरे पति स्व0 श्री संतोष नट की मृत्य 15 नवम्बर 2016 को हो हुई थी। मुझे मेरे पति के मृत्यु प्रमाण पत्र की आवश्यकता हो रही है। मैनें मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए कई बार ग्राम पंचायत में आवेदन भी दिया है लेकिन अभी तक मुझे मेरे पति का मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं मिला है। उनका कहना था कि उनके पति का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवा दिया जाए। जिस पर कलेक्टर डॉ केदार सिंह ने संबंधित विभाग के अधिकारी की ओर आवेदन प्रेषित करते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

इसी प्रकार जनसुनवाई में अन्य लोंगो की भी सुनवाई की गई तथा निराकरण के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए गए। जन सुनवाई में डिप्टी कलेक्टर श्री भागीरथी लहरे, श्रीमती एन्टोनिया एक्का, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री आनन्द राय सिन्हा सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, बुधवार 21 अगस्त 2024 | 8


रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर स्थानीय बाल भवन में बच्चों के लिए चित्रकला का आयोजन किया। जिसमें बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार की राखियाँ बनाई गईं। उसी अवसर का दृष्य।



### स्थानीय उप निर्वाचन के लिये सूचना का प्रकाशन आज

## अधिकारी सौंपे गये दायित्व का सजगता से निर्वहन करें : अपर कलेक्टर



**रीवा।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायती राजसंस्थाओं एवं स्थानीय निकायों में रिक्त पदों के लिए उप निर्वाचन हेतु कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है जिसके तहत रिक्त पदों के लिये 21 अगस्त को सूचना का प्रकाशन किया जायेगा। इसी के साथ नामांकन पत्र जमा करने का क्रम भी शुरू हो जायेगा। अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने उप निर्वाचन के लिये विभिन्न विभागीय अधिकारियों को सौंपे गये दायित्वों का सजगता से निर्वहन कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में रिटर्निंग अधिकारी/ सहायक रिटर्निंग अधिकारी, नोडल अधिकारियों एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की बैठक में अपर कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी अनुभवी हैं तथा इससे पूर्व लोकसभा का निर्वाचन कार्य सम्पादित करा चुके हैं। नगरीय निकाय के उप निर्वाचन में गंभीरता के साथ से सौंपे गये दायित्व का निर्वहन करें।

बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले ने बताया कि चुनाव की सूचना का प्रकाशन 21 अगस्त को निर्धारित स्थलों पर किया जाएगा। इसी दिन स्थानों के आरक्षण की सूचना तथा मतदान केन्द्रों की सूची का भी प्रकाशन किया जाएगा। नामांकन पत्र 28 अगस्त को दोपहर बाद 3 बजे तक दाखिल किए जा सकते हैं। नामांकन पत्रों की जाँच 29 अगस्त को की जाएगी। उम्मीदवार 31 अगस्त को दोपहर बाद 3 बजे तक अपने नाम वापस ले सकते हैं। नाम वापसी की समय सीमा समाप्त होने के बाद उम्मीदवारों की सूची तैयार कर उन्हें चुनाव प्रतीक आवंटित किए जाएंगे। आवश्यक होने पर 11 सितम्बर को सुबह 7 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक पंचायत उप निर्वाचन के लिये तथा प्रातः 7 बजे से शाम 5 बजे तक नगरीय निकाय के रिक्त पदों के लिये मतदान निर्धारित मतदान केन्द्रों में कराया जाएगा। नगरीय निकाय के लिए रिक्त पदों के मतदान की मतगणना 13 सितंबर को प्रातः 9 बजे से आरंभ होगी। पंच पद की मतगणना 11 सितम्बर को मतदान समाप्ति के बाद मतदान केन्द्र में ही की जाएगी। सरपंच पद, जनपद सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य पदों की मतगणना 15 सितम्बर को प्रातः 8 बजे से विकासखण्ड मुख्यालयों में की जाएगी। पंच, सरपंच तथा जनपद सदस्य के मतों का सारणीकरण करके चुनाव परिणामों की घोषणा विकासखण्ड मुख्यालय में 18 सितम्बर को प्रातः 10.30 बजे से की जाएगी। जिला पंचायत सदस्य के मतों का सारणीकरण 18 सितम्बर को प्रातः 10.30 बजे से जिला मुख्यालया में होगा। सारणीकरण के बाद चुनाव परिणामों की घोषणा की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि रीवा जिले में पंच पद के 16, सरपंच पद के एक तथा जनपद सदस्य के एक पद के लिए चुनाव कराया जाएगा। मऊगंज जिले में पंच के 4 पदों तथा सरपंच के एक पद पर चुनाव कराया जाएगा। पंच पद को छोड़कर शेष सभी रिक्त पदों के लिए निर्वाचन ईव्हीएम द्वारा कराया जायेगा।

उल्लेखनीय है कि रीवा नगर निगम के वार्ड क्रमांक 5 में पार्षद पद के लिए उप निर्वाचन कराया जायेगा। जिसके लिए 10 मतदान केन्द्र बनाये गये हैं जबकि सिरमौर के नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 4 के लिए मतदान हेतु एक मतदान केन्द्र बनाया गया है। नगर निगम के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को रिटर्निंग अधिकारी तथा एसडीएम हुजूर को सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार सिरमौर नगर परिषद के लिए एसडीएम रिटर्निंग अधिकारी एवं तहसीलदार सहायक रिटर्निंग अधिकारी होंगे। बैठक में संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## हैण्डपंपों के सुधार के लिए दल तैनात

**रीवा।** रायपुर कर्चुलियान विकासखण्ड में हैण्डपंपों के सुधार के लिए दल तैनात किया गया है। इस संबंध में सहायक यंत्री लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी ने बताया कि हैण्डपंपों के सुधार के लिए सेक्टरवार उपयंत्री तैनात किए गए हैं। कंट्रोल रूम तथा मोबाइल नम्बर पर हैण्डपंप सुधार की सूचना मिलने पर इनके द्वारा हैण्डपंप मकैनिक तथा अन्य तकनीकी कर्मचारियों के माध्यम से हैण्डपंप का सुधार कराया जाएगा। रायपुर कर्चुलियान विकासखण्ड में हैण्डपंप सुधार के लिए उप यंत्री सुश्रीचारू द्विवेदी मोबाइल नम्बर 8839291789, उपयंत्री आयुष नागर मोबाइल नम्बर 8770698955 से संपर्क किया जा सकता है। इसी तरह उपयंत्री नितिन वर्मा मोबाइल नम्बर 9644695977 तथा आउटसोर्स एजेंसी के प्रतिनिधि लक्ष्मणेन्द्र शुक्ला मोबाइल नम्बर 7240948721 पर संपर्क किया जा सकता है। सभी उपयंत्री सूचना मिलने पर तत्काल हैण्डपंप में सुधार कराएं।

## उप मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित आईटी पार्क और रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव की तैयारियों की समीक्षा की



**रीवा।** उप मुख्यमन्त्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने मंत्रालय वल्लभ भवन में रीवा में प्रस्तावित आईटी पार्क और रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने आईटी पार्क के लिए प्रस्तावित स्थल, विभिन्न प्रावधानों, सुविधाओं की समीक्षा कर निर्देश दिये कि आईटी पार्क में अत्याधुनिक सुविधाओं को शामिल किया जाये। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने रीवा में प्रस्तावित रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव की तैयारियों की जानकारी प्राप्त की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव को सफल बनाकर क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए समेकित प्रयास किए जायें। उपलब्ध आधारभूत संरचनाओं का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक प्रावधानों को भी योजना में शामिल किया जाये। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मल्टी-परपज़ आईटी पार्क गुढ़ और सोलर पार्क के लिए आवश्यक आधारभूत आवश्यकताओं के लिए निर्देश दिये। बैठक में एमडी एमपीआईडीसी श्री चन्द्रमौली शुक्ला सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## जेल में पौधों को राखी बांधकर मनाया गया रक्षाबंधन



**रीवा।** सेंट्रल जेल रीवा में रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। इस संबंध में जेल अधीक्षक सतीश कुमार उपाध्याय ने बताया कि सेंट्रल जेल में 20 अगस्त को विभिन्न सामाजिक संगठनों की सदस्य बहनों ने जेल में अधिकारियों और कर्मचारियों को राखियाँ बांधी। इसके बाद सामाजिक संगठन के सदस्यों तथा जेल के अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे रोपित किए गए। रोपित पौधों की उचित देखभाल तथा सुरक्षा के लिए उन्हें राखी बांधकर रक्षा का वचन दिया गया। कार्यक्रम में आम, नीम, जामुन, आंवला, कंजी, अमरूद तथा अन्य प्रजातियों के पौधे रोपित किए गए। कार्यक्रम में सामाजिक संगठन, लायंस ग्रेट क्लब, बी क्लब रीवा ग्रेट एवं बेनिसन हेल्पिंग क्लब रीवा की बहनों ने सराहनीय योगदान दिया। कार्यक्रम में उप जेल अधीक्षक संतोष कुमार गेंदले, श्याम सिंह कुशवाह तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जन सुनवाई में 56 आवेदनों में हुई सुनवाई



**रीवा।** कलेक्ट्रेट सभागार में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी तथा संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय ने आमजनता से प्राप्त 56 आवेदनों में जन सुनवाई की। अपर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आमजनता के आवेदनों का समुचित निराकरण करने के निर्देश दिए। जन सुनवाई में मुकद्दर बेग निवासी रीवा ने उनके मकान तथा आवासीय प्लाट से अवैध कब्जा हटाने के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने एसडीएम हुजूर को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। जवाहरलाल शुक्ला निवासी ग्राम रौरा ने जमीन के सीमांकन के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने एसडीएम रायपुर कर्चुलियान को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। उर्मिला पटेल निवासी इटौरा ने खराब विद्युत मीटर बदलने तथा बिजली बिल में सुधार के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने एमपीईबी के अधीक्षण यंत्री को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। जन सुनवाई में शकुंतला तिवारी निवासी रायपुर कर्चुलियान ने नामांतरण के आदेश को लागू कराने तथा नक्शा तरमीम के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने तहसीलदार रायपुर कर्चुलियान को प्रकरण में कार्यवाही के निर्देश दिए। कुंद कुमार कुशवाहा निवासी कोटा सेमरिया ने अतिथि शिक्षक की नियुक्ति में अनियमितता की जाँच के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को प्रकरण में समुचित कार्यवाही के निर्देश दिए। आशुतोष पाण्डेय निवासी ग्राम दादर ने बिजली बिल में सुधार के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने अधीक्षण यंत्री एमपीईबी को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। गीता जायसवाल निवासी गेंदुरहा ने सीमांकन के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने तहसीलदार जवा को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। जन सुनवाई में संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## अपराधियों की गिरफ्तारी पर 20 हजार का ईनाम

**रीवा।** विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र में डकैती और लूट की घटना में शामिल 6 आरोपी घटना दिनांक से फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस उप महानिरीक्षक साकेत प्रकाश पाण्डेय ने फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए 20 हजार रुपए के ईनाम की घोषणा की है। यह घोषणा पुलिस रेग्युलेशन एक्ट के प्रावधानों के तहत की गई है। फरार आरोपियों को बंदी बनाने अथवा बंदी बनाने के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना देने वाले को ईनाम दिया जाएगा। ईनाम के संबंध में पुलिस उप महानिरीक्षक का निर्णय अंतिम रूप से मान्य होगा।

## राजस्व महाअभियान में 18985 प्रकरणों का हुआ निराकरण

**रीवा।** जिले भर में 18 जुलाई से 31 अगस्त तक चलाए जा रहे राजस्व महाअभियान में लंबित राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है। अब तक विभिन्न राजस्व न्यायालयों में 18985 प्रकरण निराकृत किए गए हैं। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि अपर कलेक्टर तथा एसडीएम न्यायालयों में 2168 प्रकरण निराकृत किए गए। तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार न्यायालयों में 16035 प्रकरणों का अभियान के दौरान किया गया। इनमें अविवादित नामांतरण, बंटवारा तथा अभिलेखों में सुधार के प्रकरण शामिल हैं। कलेक्टर ने बताया कि तहसीलदार हुजूर ने 2447, नायब तहसीलदार गोविंदगढ़ 894, नायब तहसीलदार बनकुइयाँ ने 867, तहसीलदार सिरमौर ने 638 तथा नायब तहसीलदार बैकुण्ठपुर ने 478 प्रकरणों का निराकरण किया। नायब तहसीलदार लालगांव ने 632, तहसीलदार सेमरिया 990, नायब तहसीलदार शाहपुर ने 1010, तहसीलदार मनगवां ने 475, नायब तहसीलदार गढ़ ने 493, नायब तहसीलदार सूरा ने 361 तथा नायब तहसीलदार डेल्ही ने 315 प्रकरणों का निराकरण किया। तहसीलदार रायपुर कर्चुलियान ने 530, नायब तहसीलदार मनिकवार ने 1163, नायब तहसीलदार पहड़िया ने 784, तहसीलदार त्योंथर ने 222, नायब तहसीलदार रायपुर सोनौरी ने 271 तथा नायब तहसीलदार चाक ने 314 प्रकरणों का निराकरण किया।

नायब तहसीलदार गढ़ी ने 328, तहसीलदार जवा ने 404, नायब तहसीलदार अतरैला ने 426, नायब तहसीलदार डभौरा ने 350, तहसीलदार गुढ़ ने 1078 तथा नायब तहसीलदार दुआरी ने 565 प्रकरणों का निराकरण किया।

## सामान्य सभा की बैठक आज

**रीवा।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 21 अगस्त को अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल की अध्यक्षता में आयोजित की गई है। जिला पंचायत सभागार में अपरान्ह 2.30 बजे से आयोजित बैठक में 15वें वित्त की वार्षिक कार्य 2024-25 की चर्चा एवं अनुमोदन के अतिरिक्त अन्य विषयों पर चर्चा की जायेगी।

## अतिथि शिक्षक आमंत्रण की कार्यवाही अब 21 अगस्त तक हो सकेगी

**रीवा।** प्रदेश में शैक्षणिक-सत्र 2024-25 में शासकीय विद्यालयों में शैक्षणिक व्यवस्था के लिये अतिथि शिक्षक आमंत्रण की कार्यवाही की जा रही है। स्कूल शिक्षा विभाग ने इस कार्यवाही को अब अनिवार्य रूप से 21 अगस्त तक पूरा करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारियों को दिये हैं।

## पंचायत उप निर्वाचन के लिए आदर्श आचरण संहिता लागू

**रीवा**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्था.नि.) ने पंचायत उप चुनाव के लिए संबंधित क्षेत्रों में आदर्श आचरण संहिता का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये हैं। उल्लेखनीय है कि जनपद पंचायत जवा अंतर्गत क्षेत्र क्रमांक 04 में सम्मिलित ग्राम पंचायत खाझा, वीरपुर, चम्पागढ़, बड़ाछ एवं वार्ड क्रमांक 01 ग्राम पंचायत बरोली ठकुरान, वार्ड क्रमांक 05 ग्राम पंचायत जतरी एवं वार्ड क्रमांक 16 ग्राम पंचायत बरहुला, जनपद पंचायत त्योथर अंतर्गत ग्राम पंचायत अतरैला 11, वार्ड क्रमांक 05 ग्राम पंचायत कोटरा खुर्द, वार्ड क्रमांक 09 ग्राम पंचायत जमुईकला, वार्ड क्रमांक 09 ग्राम पंचायत कुड़ी, जनपद पंचायत रीवा अंतर्गत वार्ड क्रमांक 09 ग्राम पंचायत कनौजा, वार्ड क्रमांक 10 ग्राम पंचायत जोकिहा, वार्ड क्रमांक 12 ग्राम पंचायत मुमेदा, वार्ड क्रमांक 18 ग्राम पंचायत भटलो एवं वार्ड क्रमांक 18 ग्राम पंचायत दुआरी, जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान अंतर्गत वार्ड क्रमांक 13 ग्राम पंचायत टिकुरी, जनपद पंचायत गंगेव अंतर्गत वार्ड क्रमांक 10 ग्राम पंचायत पटना, वार्ड क्रमांक 18 ग्राम पंचायत सहेबा, वार्ड क्रमांक 04 ग्राम पंचायत पिपरवार, वार्ड क्रमांक 12 ग्राम पंचायत कठेरी, वार्ड क्रमांक 15 ग्राम पंचायत गोदरी 10. वार्ड क्रमांक 08 ग्राम पंचायत महमदपुर, वार्ड क्रमांक 05 ग्राम पंचायत कटहा, जनपद पंचायत सिरमौर अंतर्गत वार्ड क्रमांक 13 ग्राम पंचायत दुवगवा, वार्ड क्रमांक 07 ग्राम पंचायत छिरहटा, वार्ड क्रमांक 14 ग्राम पंचायत शाहपुर, वार्ड क्रमांक 08 ग्राम पंचायत कटकी में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है।

## राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक 23 अगस्त को

### कलेक्टर करेंगी 23 अगस्त को राजस्व कार्यों की समीक्षा

**रीवा।** राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक 23 अगस्त को सुबह 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जा रही है। बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल राजस्व महाअभियान की समीक्षा करेंगी। बैठक में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अभिलेखों में सुधार, नक्शा तरमीम तथा अन्य राजस्व प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की जाएगी। बैठक में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के प्रकरणों में ई केवाईसी, भू राजस्व की वसूली, अवैध कब्जा हटाने, प्राकृतिक आपदा में राहत राशि के वितरण तथा गौशालाओं के संचालन की भी समीक्षा की जाएगी। अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने सभी राजस्व अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

## नजूल भूमि निर्वर्तन समिति की बैठक 27 अगस्त को

**रीवा।** संभागीय नजूल भूमि निर्वर्तन समिति की बैठक 27 अगस्त को दोपहर बाद 3 बजे से कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित की जा रही है। बैठक की अध्यक्षता कमिश्नर बीएस जामोद करेंगे। समिति के सभी सदस्यों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है।

## अभिलेखों में सुधार के 782 प्रकरण किए गए निराकृत

**रीवा।** राजस्व महाअभियान में नक्शा तरमीम और अभिलेखों में सुधार के प्रकरण सर्वोच्च प्राथमिकता से निराकृत किए जा रहे हैं। जिले भर में 18 जुलाई से 31 अगस्त तक चलाए जा रहे राजस्व महाअभियान में सभी एसडीएम अभिलेखों में सुधार के प्रकरणों का निराकरण कर रहे हैं। अभियान के दौरान अब तक अभिलेखों में सुधार के 782 प्रकरण निराकृत किए गए हैं। एसडीएम हुजूर ने 461, सिरमौर ने 48, सेमरिया ने 28, रायपुर कर्चुलियान ने 33, मनगवां ने 54, जवा ने 5, गुढ़ ने 102 तथा एसडीएम त्योंथर ने 51 प्रकरणों का निराकरण किया है। अभियान के दौरान अभिलेखों में सुधार के नए प्रकरण भी दर्ज किए जा रहे हैं।

## पंचायत उप चुनाव के लिए रिटर्निंग आफीसर तैनात

**रीवा।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायत राज संस्थाओं में रिक्त पदों के चुनाव के लिए कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। रिक्त पदों में निर्वाचन के लिए मतदाता सूची तैयार करने एवं निर्वाचन संपन्न कराने के लिए रिटर्निंग आफीसर तथा सहायक रिटर्निंग आफीसर तैनात किए गए हैं। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि जनपद पंचायत रीवा के लिए तहसीलदार हुजूर शिवशंकर शुक्ला को रिटर्निंग आफीसर तथा नायब तहसीलदार विन्ध्या मिश्रा को सहायक रिटर्निंग आफीसर बनाया गया है। जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान के लिए तहसीलदार सुमित कुमार गुप्ता को रिटर्निंग आफीसर तथा नायब तहसीलदार शारदा प्रसाद प्रजापति को सहायक रिटर्निंग आफीसर बनाया गया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जनपद पंचायत गंगेव के लिए नायब तहसीलदार मनगवां दिलीप सिंह को रिटर्निंग आफीसर तथा नायब तहसीलदार मनोज सिंह को सहायक रिटर्निंग आफीसर बनाया गया है। जनपद पंचायत सिरमौर के लिए नायब तहसीलदार रमाकांत तिवारी को रिटर्निंग आफीसर तथा नायब तहसीलदार वेदवती सिंह को सहायक रिटर्निंग आफीसर बनाया गया है। जनपद पंचायत जवा के लिए तहसीलदार राजेन्द्र शुक्ला को रिटर्निंग आफीसर तथा नायब तहसीलदार राजकुमार टांडिया को सहायक रिटर्निंग आफीसर बनाया गया है। जनपद पंचायत त्योंथर के लिए तहसीलदार नीलेश सिंह को रिटर्निंग आफीसर तथा नायब तहसीलदार वीरेन्द्र द्विवेदी को सहायक रिटर्निंग आफीसर बनाया गया है।

## भर्ती प्रक्रिया समय-सीमा में पूर्ण करें : उप-मुख्यमंत्री

### लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा में विभिन्न पदों की भर्ती कार्यवाही की समीक्षा की



**रीवा।** उप-मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने मंत्रालय वल्लभ भवन में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग में मैनपावर उपब्धता के संबंध में की जा रही कार्रवाई और अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने चिकित्सक, विशेषज्ञ, सहायक चिकित्सकीय एवं प्रशासनिक स्टाफ की भर्ती के लिए समस्त आवश्यक कार्यवाहियों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये। उल्लेखनीय है कि लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग में विशेषज्ञों की सीधी भर्ती के लिए प्राथमिकता के आधार पर प्रथम श्रेणी के 1085 पदों के लिए लोक सेवा आयोग द्वारा विज्ञप्ति जारी की जा चुकी है। द्वितीय श्रेणी के पदों में 895 चिकित्सा अधिकारी के पदों के लिए विज्ञप्ति जारी हो चुकी हैं कुल 1373 द्वितीय श्रेणी के पदों में भर्ती की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833